नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 17 सितंबर 2021, शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-216 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

तालिबान सरकार के लिए पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने दुनिया के सामने ताली बजा-बजाकर मदद की गुहार लगाई थी। अब चीन भी तालिबानियों की अवैध सरकार के लिए चीख पुकार मचा रहा है। अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों से चीन ने अपील की है कि वे फटीचर तालिबान सरकार का खाली खजाना भरने के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाएं। मानवता के नाते निरापराध अफगानियों की मदद की भी जानी चाहिए जिनके सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है लेकिन यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह मदद जरूरत मंदों तक पहुंचे उसे तालिबानी भेड़िये डकार न लें।

महानदी का महारूप...चहुंओर त्राहिमाम

पोरथ में डूबा महादेव मंदिर

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में मानसून हर साल अपने साथ तबाही की कुछ भयावह तस्वीर लेकर आता है। इस साल भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बारिश कहर बनकर टूट रही है। शहर से लेकर गांव तक चहुंओर जलजमाव से स्थिति काफी खराब हो गई है। पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश से छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। भारी बारिश से कई बांध लबालब भर चुके हैं। डैम से नदियों में पानी छोड़ा गया तो बाढ़ आ गई। रास्ते बंद हो गए। बस्तियों में बाढ़ का पानी घुस गया। गुरुवार को छग के बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा और जीपीएम जिले में बाढ़ की स्थिति रही। रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लॉक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक दो दिनों में कमजोर होने की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक एक सुस्पष्ट चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर मध्य प्रदेश के मध्य भाग में स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा कचक्रीय चक्रवाती घेरा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके अगले दो-तीन दिन में कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका अहमदाबाद, निम्न दाब का केंद्र, सीधी, डाल्टनगंज, बालासोर और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय म्यांमार के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। प्रदेश में आज शुक्रवार को भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

मकान ढहने से दो की मौत, नाले में बह गए युवक का शव मिला

बेमेतरा जिले में मारो पुलिस चौकी के निकट खेड़ा गांव में तेज बारिश की वजह से बीती रात कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। इस हादसे में एक 80 वर्षीय महिला धनैया बाई यादव और उनकी नातिन 20 वर्षीय ईश्वरी यादव की मौके पर ही मौत हो गई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मकानों को ढहने अथवा क्षतिग्रस्त होने की सूचनाएं हैं। वहीं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के गांव लरकेनी करशिवा के बीच हथकड़ी नाला पुल को पार कर रहे बंधन सिंह बंधु तेज धारा से बह गए थे। थोड़ी देर पहले ही SDRF ने उनका शव बरामद किया है। वह पुल से थोड़ी दूर तक झाड़ियों में फंसकर डूबा हुआ था।

बांगो बांध के तीन गेट खुले

गुरुवार की दोपहर कोरबा जिले के माचाडोली स्थित मिनीमाता बांगो बांध के तीन गेट खोल दिए गए हैं। चार दिनों से हो रही बारिश से बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा। जलस्तर को सुरक्षित बनाए रखने के लिए आज बांध के तीन गेट खोलकर लगभग 15 हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। बांध से पानी छोड़ने की सूचना नदी किनारे के गांवो में पहले ही दे दी गई थी। बांध से नौ हजार क्यूसेक पानी जल विद्युत संयंत्र को भी लगातार दिया जा रहा है। जल विद्युत संयंत्र में जलापूर्ति और तीन गेट खोलकर छोड़े ■ शेष पृष्ठ 6 पर

3 गांव के 193 लोगों को राहत कैम्प में किया गया शिफ्ट

महानदी के जलस्तर में हुई वृद्धि से बरमकेला तहसील के कुछ तटीय गांवों में पानी घुसा है। यहां बोरीदा और ठेंगागुड़ी के डूबान क्षेत्र के पास के निचले इलाकों के घरों के 67 लोगों को लुकापारा कैम्प में शिफ्ट किया गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि व पशुहानि नहीं हुई है। इसके साथ ही विजयपुर और सांकरा के मोहदी और राबो में गांव के कुछ हिस्सों में पानी आ गया है। किंतु वहां लोगों को शिफ्ट करने वाली स्थिति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में अब तक 1024 मिमी औसत वर्षा दर्ज

छग में 1 जून से अब तक 1024.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। 1 जून से 16 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1409.7 मिमी और कबीरधाम जिले में सबसे कम 803.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सरगुजा में 878.6 मिमी, सूरजपुर में 1195.2 मिमी, बलरामपुर में 984.7 मिमी, जशपुर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जीपीएम के कई गांव बन गए टापू

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में भी पिछले तीन दिनों से बारिश लगातार जारी है। इसकी वजह से कई गांवों का संपर्क टूट गया है। यहां अरपा, सोन, तिपान, ऐलान, बम्हनी, जावस, मलनिया सहित अमरावती गंगा नदी और बरसाती नदी नाले उफान पर हैं। जिसके चलते दुर्गाधारा के रास्ते अमरकंटक जाने वाला मार्ग, पेंड्रा से बस्तीबगरा जाने वाला मार्ग, गौरेला से सधवानी जाने वाला मार्ग, सिवनी से मरवाही और रटगा से मरवाही जाने वाले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास-खबर

मधेपुरा में दर्दनाक हादसा : धार में डूबने से पांच बच्चों की मौत

मधेपुरा (ए.)। मधेपुरा में गुरुवार की दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। धार (कुंड) में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई। सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 साल के बीच थी। मरने वालों में चार लड़कियां हैं। हादसे की खबर लगते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। एक साथ पांच बच्चों की शव देख कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस के साथ ही आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

घटना मधेपुरा के चौसा थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव में हुई। बताया जा रहा है कि करमा-धरमा की पूजन सामग्री विसर्जन के दौरान पहले एक बच्ची का पैर फिसला और वह धार में गिर गई। उसे बचाने के चक्कर में एक-एक कर पांच बच्चे डूब गए।

तेज रफ्तार ऑटो पलटकर जीप से टकराया, हादसे में 5 की मौत 2 जख्मी

राजगढ़। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में गुरुवार को एक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 2 जख्मी हो गए। तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा पलटने के बाद जीप से टकराया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसा जिला मुख्यालय से करीब 2 किलोमीटर दूर कोतवाली पुलिस थाना इलाके में नेशनल हाईवे नंबर 52 पर हुआ। यहां कृष्णगढ़ गांव के पास ऑटो और जीप की टक्कर हुई। शुरुआती जांच के मुताबिक, ऑटो की रफ्तार अधिक थी। इस दौरान सड़क पर एक कुत्ता आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया।

एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि वाहन पलट गया और दूसरी तरफ से आ रहे जीप से इसकी टक्कर भी हो गई। ऑटो में बैठे सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

'मैं वापस आ रहा हूं' 35 सालों में नहीं हुआ, वह अगले साल होगा : योगी

- पिछले तीन दशक से यूपी में सरकार बदलने का ट्रेंड है, 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने जीती थीं 312 सीटें

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी 403 में से 350 से ज्यादा सीटें जीतेगी। इस सवाल पर कि उत्तर प्रदेश के चुनावी इतिहास में कोई भी मुख्यमंत्री लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री नहीं चुना गया, योगी ने कहा, ''मैं वापस आ रहा हूं। पिछले 35 सालों में जो नहीं हुआ वह अगले साल होगा.''। एक कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 400 सीटें जीतने के सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दावे के बारे में पूछे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी में जो जीतता है वह अगली बार सत्ता में नहीं आता है

1989 में यूपी में जनता दल की सरकार बनी और मुलायम सिंह यादव सीएम बने। वहीं 1991 की राम लहर में कल्याण सिंह ने बीजेपी का कमल खिला दिया। इसके ठीक 2 साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में सपा-बसपा ने 'मिले मुलायम कांशीराम, हवा हो गए जय श्रीराम' के नारे के साथ सत्ता हासिल की। वहीं 1996 और 2002 में किसी को बहुमत नहीं मिला। इसी तरह 2007 में मायावती की बसपा, 2012 में अखिलेश यादव की सपा और 2017 में बीजेपी ने बहुमत हासिल किया। यानी पिछले तीन दशकों का ट्रेंड अगर देखें तो साफहै कि यूपी में जो जीतता है वह अगली बार सत्ता में नहीं आता है।

सुविधाओं से लैस है नया रक्षा मंत्रालय भवन

- रक्षा कार्यालय की नई इमारत का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में रक्षा कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। ये नया परिसर अब सशस्त्र बलों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर काम करने की स्थिति में काम करना संभव बनाएगा। मध्य दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीकी एवेन्यू में बनाए गए नए परिसरों में 7 हजार से अधिक रक्षा कर्मियों को स्थानांतरित किया जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में पीएम ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की वेबसाइट भी लॉन्च की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मील का पत्थर साबित होगा-राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नवनिर्मित रक्षा कार्यालय परिसर के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा, 'इस परियोजना का रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक पूरा होना वास्तव में भारत के रक्षा क्षेत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।'

गांजा और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने सीमावर्ती जिलों में लगेंगे चेक पोस्ट

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर गांजा, अवैध मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रदेश के सीमावर्ती स्थानों में चेकपोस्ट लगाए जाएंगे। डीजीपी डीएम अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी करते हुएकहा है कि प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों से अवैध गांजा के राज्य में प्रवेश की सूचना अक्सर मिलती रहती है। गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिये सीमावर्ती जिले जिनकी सीमाएं अन्य प्रदेशों से लगती है, वहां पर चेक पोस्ट लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चेकपोस्ट में कैमरे लगाने के निर्देश भी दिये गए हैं। जारी निर्देश में कहा गया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनसीआरबी रिपोर्ट में खुलासा: अपराध के ग्राफ में भारी वृद्धि से छत्तीसगढ़ हुआ शर्मसार

- रिपोर्ट पर रमन ने कसा तंज, मरकाम ने दिया करारा जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर अत्याचार खत्म होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ओर से जारी साल 2020 के आंकड़ों पर गौर करें तो दुष्कर्म के मामलों में बिहार से आगे छत्तीसगढ़ निकल चुका है।प्रदेश में 2019 में दुष्कर्म के 1036 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 2020 में 1210 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि इसी दो वर्षों में बिहार में क्रमशः 730 और 806 मामले दर्ज हुए। निस्संदेह, छत्तीसगढ़ जैसे तुलनात्मक रूप से छोटे राज्य के लिए ये आंकड़े शर्मनाक हैं।

विधानसभा में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा: विधानसभा में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया था कि 1 दिसंबर 2018 से इस साल 30 जून तक सामूहिक हत्या के 94 मामले पुलिस ने दर्ज किए। इसी तरह आत्महत्या के 19084 और मानव तस्करी के 111 मामले सामने आए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छग में इस साल आत्महत्या के 3930 मामले

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में दुष्कर्म की घटनाएं प्रति एक लाख आबादी में जहां 8.3 प्रतिशत थीं, वहीं यह दर बिहार में 1.4 प्रतिशत, गुजरात में 1.5 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 5.8 प्रतिशत थी। वहीं 2019 के मुकाबले छत्तीसगढ़ में अपराध का ग्राफचरम पर है।छत्तीसगढ़ में इस साल सामूहिक हत्या के 21, आत्महत्या के 3930 मामले सामने आए। ये आंकड़े 30 जून तक के हैं।

शपथ समारोह ▶ रुपाणी मंत्रिमंडल के सभी मंत्री किए गए बाहर, भूपेन्द्र सरकार में पटेल समुदाय का दबदबा

गुजरात : नई सरकार में 24 मंत्रियों ने ली शपथ

गांधीनगर (ए.)। गुजरात में भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल विस्तार के क्रम में मंत्रियों ने शपथ ली। गुजरात विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी और भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष जीतू वघानी समेत 24 मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को यहां गुजरात सरकार के मंत्रियों के तौर पर शपथ ग्रहण की। राज्यपाल देवव्रत आचार्य मंत्रियों को शपथ दिलाई। इससे पहले 5 कैबिनेट मंत्रियों ने एक साथ शपथ ली।

पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के नेतृत्व वाले पूर्ववर्ती मंत्रिमंडल के किसी मंत्री को नए मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 10 कैबिनेट मंत्रियों और 14 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई, जिनमें पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं। राज्य के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ ग्रहण करने वाले भूपेंद्र पटेल राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान रूपाणी के साथ मौजूद थे। रूपाणी के शनिवार को पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद नए मंत्रिमंडल का गठन किया गया है।

ये 10 विधायक बने कैबिनेट मंत्री

नाम	कहां से विधायक
राजेंद्र त्रिवेदी	रवापुरा
जीतू वाघानी	भावनगर पश्चिम
ऋषिकेष पटेल	विसनगर
पूर्णेश मोदी	सूरत पश्चिम
राघव पटेल	जामनगर ग्रामीण
कनुभाई देसाई	पारदी
किरीट सिंह राणा	लिम्बड़ी
नरेश पटेल	गंडेवी
प्रदीप सिंह परमार	असरवा
अर्जुन सिंह चव्हाण	महेमदावाद

ये 14 विधायक बने राज्य मंत्री

नाम	कहां से विधायक
हर्ष सांघवी	माजरा
जगदीश पांचाल	निकोल
बृजेश मेरजा	मोरबी
जीतू भाई चौधरी	कपराड़ा
मनीषा वकील	बडोदरा
मुकेश पटेल	ओलपाड़
निमिषाबेन सुतार	मोरवा हदफ
अरविंद रैयाणी	राजकोट
कुबेर सिंह डिंडोर	संत रामपुर
कीर्ति सिंह वाघेला	कंकराज
गजेंद्र सिंह परमार	प्रांतिज
आरसी मकवाना	महुवा
विनोद भाई मोराडिया	कतारगाम
देवा भाई मालम	केशोद

चरित्र पर संदेह, पुजारी ने मंदिर परिसर में पत्नी को जिंदा जलाया

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में साईं मंदिर का पुजारी बुधवार को देर रात चरित्र संदेह में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुजारी दिनभर उससे विवाद और मारपीट करता रहा, फिर रात को घर पहुंचा और पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जब वह अधमरी हो गई तो गैस चूल्हा जलाकर उसे पत्नी के ऊपर रख दिया। मामला भाटापारा थाना क्षेत्र का है। ग्राम सिद्ध बाबा में साईं मंदिर में बढ़ार के कोटमी गांव निवासी रामनारायण पांडेय 35 वर्ष पुजारी है। वह मंदिर परिसर में ही पीछे की ओर बने मकान में पत्नी मंदाकिनी पांडेय 25 वर्ष अपने दो बच्चों और साला रामायण तिवारी 17 वर्ष तथा साली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाई

गैस चूल्हा बार-बार रखने से मंदाकिनी के कपड़ों और बिस्तर में आग लग गई। कमरे से आग निकलती देख ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वारदात के दौरान रामनारायण का साला रामायण, साली पूजा और दोनों बच्चे घर में ही थे। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। इसके बाद उनके सामने ही आरोपी ने पत्नी को आग लगा दी। महिला मंदाकिनी का भाटापारा के तुमागांव में मायका है।

कलेक्टर ने ली नगर निगम अधिकारियों की बैठक

भिलाई/ नवप्रदेश। जनसमस्या निवारण शिविर निगम में 15 सितंबर से आरंभ हो गये हैं। कलेक्टर ने इस पर आ रहे आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जोन कमिश्नर इनके आवेदनों के सकारात्मक निराकरण की निरंतर मानिटरिंग करें। साथ ही यह भी देखें कि किस प्रकृति के आवेदन आ रहे हैं। आवेदनों के निराकरण के पश्चात नागरिकों से संतुष्टि के संबंध में फीडबैक भी लें। बैठक में नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे भी मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को कहा गया है कि शिविरों के लिए व्यापक प्रचार.प्रसार करें ताकि नागरिक समस्याओं का प्रभावी निराकरण मौके पर ही हो सके।

उद्यमी महिलाओं को करें प्रेरित

महिला समृद्धि बाजार के माध्यम से उद्यमी महिलाओं एवं अन्य चिन्हांकित वर्गों के लिए स्वरोजगार के अच्छे अवसर हैं, साथ ही मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत भी हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। सभी जोन कमिश्नर अपने क्षेत्रों में ऐसे हितग्राहियों का चिन्हांकन करें और इन्हें योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। निर्देश डॉ. भुरे ने भिलाई निगम की कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए अमानत राशि भी अल्प रखी गई है और आवेदन की प्रक्रिया भी आसान है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्व.सहायता समूहों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कराएं तथा मार्केट लिंकेज की व्यवस्था भी करें ताकि इनके ब्रांड बाजार में बेहतर तरीके से टिक सके। स्थानीय रूप से बेहतर ब्रांड होने से प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए बाजार एवं इनके स्वयं के संपर्कों से अपने उत्पादों हेतु बाजार निर्मित कर सकते हैं।

चिन्हांकित, इन्हें ठीक करने पर होगा काम

बीते बैठक में सभी जोन कमिश्नर ऐसे इलाकों को चिन्हांकित करें जहां प्रेशर लो है अथवा किसी तरह की पेयजल की दिक्कत आ रही है। आज की बैठक में इस सूची पर विस्तार से चर्चा हुई और इसे ठीक करने बनाये जा रहे प्लान की जानकारी जोन कमिश्नरों ने कलेक्टर को दी। उन्होंने खुर्सीपार इलाके में दोनों वक्त पानी की स्थिति पर विशेष तौर पर मानिटरिंग करने कहा।

आयुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

भिलाई/ नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर आज निगमायुक्त सह अर्बन पब्लिक सोसाइटी के सचिव प्रकाश सर्वे ने दुर्ग जिले में चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाली मोबाइल मेडिकल यूनिट के बेहतर संचालन के लिए टीम में शामिल मेडिकल स्टाफ की बैठक ली। आयुक्त ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में दवाइयों का स्टॉक उपलब्ध रहे, जहां भी स्वास्थ्य शिविर लगने वाला हो उसका पूर्व से व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित होए निर्धारित समय पर मेडिकल टीम उपस्थित रहे। उन्होंने आगे कहा कि शिविर में आने वाले मरीजों को स्वस्थ करने में पूरे मेडिकल स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, सभी की अलग.अलग जिम्मेदारी तय है, मरीज को बेहतर मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराते हुए स्वस्थ करके भेजना शिविर का प्रमुख उद्देश्य है। इसलिए सारे मेडिकल उपकरण अच्छी अवस्था में रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की पहल से मोहल्ले में ही बेहतर उपचार लोगों को मिल रहा है ! मुफ्त में इलाज के साथ ही दवाइयां भी फ्री में मिल रही है! अब तक जिले में 1 लाख 73 हजार लोगों का इलाज हो चुका है। 2796 शिविर अब तक जिले में आयोजित हैं जहां 32079 मरीजों का लैब टेस्ट किया जा चुका है तथा 149867 मरीजों को दवाई वितरण मुफ्त में किया जा चुका है। 1 नवंबर 2020 से मोबाइल मेडिकल यूनिट अपनी निरंतर सेवा लोगों को प्रदान कर रही है, यहां तक की पूरे कोरोना काल में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने लगातार अपनी सेवाएं लोगों दी है।

30 को दिशा की बैठक

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय निगरानी समिति दिशा की बैठक 30 सितंबर को कार्यालय जिला पंचायत के सभाकक्ष में 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में केन्द्रीय योजनाओं से संबंधित, जिले में किये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैंठक में संबंधित विभागों की उपस्थिति अनिवार्य है।

न्यूज गैलरी

सात दिवस के भीतर दावा-आपत्ति

भिलाई। निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास मिशन शहरी 2022 अंतर्गत हितग्राही द्वारा व्यक्तिगत आवास निर्माण मोर जमीन.मोर मकान घटक के अंतर्गत आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा निर्देश अनुसार कट ऑफतिथि दिनांक 31 अगस्त 2015 के पूर्व काबीज हितग्राहियों के आवेदन पत्रों पर निकाय स्तर की गठित समिति द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर पात्र, अपात्र पाए गए जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर के कुल 172 हितग्राहियों तथा जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर के कुल 7 हितग्राहियों की सूची तैयार कर ली गई है। इन हितग्राहियों का काबिज स्थल विवाद मुक्त होने पर प्रमाण पत्र भी जारी किया जाना है।

कर्मचारियों को वर्दी वितरण

जामुल। नगर पालिका परिषद में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी वितरण किया गया। वर्दी प्राप्तकर कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त हुआ। छ.ग. स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के मांग को मुर्त रूप देते हुए प्रशासक खेमलाल वर्मा एवं मुख्य नपा अधिकारी राजेन्द्र नायक ने वर्ष 2021-22 के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी स्वीकृत किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता दिनेश नेताम, एके लोहिया उप अभियंता, एल्डरमेन मन्नु यादव, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नीलकंठ वर्मा, उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, पुनीत वर्मा, मोहन वर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

रेल ब्लूम्स कास्टिंग सीक्वेंस का नया रिकॉर्ड

भिलाई। इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने 13 सितंबर, 2021 को कंटीन्यूअस कास्टिंग प्लांट के सीवी-1 कास्टर में फ्लाइंग टंडिश चेंज ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक और मील का पत्थर स्थापित किया गया। इस प्रणाली को विकसित करके, एसएमएस-3 ने सीवी-1 कास्टर से 25 हीट के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए लगातार 34 हीट कास्टिंग करने का एक नया रिकॉर्ड बनाया। प्लांट की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) की अधिकांश रेल ब्लूम आवश्यकता को इस कास्टर से पूरी करने वाला एसएमएस-3 का सीवी-1 कास्टर बीएसपी की प्रमुख उत्पादन इकाइयों में से एक है। फ्लाइंग टंडिश चेंजओवर ऑपरेशन के सफल होने से एसएमएस-3, सीवी-1 कास्टर से अपना उत्पादन बढ़ाने में सक्षम होगी। यूआरएम के लिए रेल ब्लूम्स् की पूरी जरूरत को आने वाले दिनों में इसी कास्टर से पूरी की जाएगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वर्क्स), अंजनी कुमार और सीजीएम (एसएमएस-3), किंग्शुक भट्टाचार्जी ने कार्यस्थल पर मौजूद रहे और उन्होंने अरविंद कुमार, महाप्रबंधक (ऑपरेषन), जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (ऑपरेषन), पी सत्पथी महाप्रबंधक (विद्युत) के नेतृत्व वाली टीम का उत्साहवर्धन किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने साइट का दौरा किया और टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

जनता को बरसाती दिक्कतों से राहत दिलाने वोरा ने छेड़ा अभियान

गणेश विसर्जन को लेकर नदी मार्ग का संधारण

दुर्ग/नवप्रदेश। बरसात के दिनों में आम जनता को होने वाली दिक्कतों से निजात दिलाने विधायक अरुण वोरा ने अभियान छेड़ दिया है। लगातार वार्डों की आंतरिक सड़कों एवं स्लम बस्तियों में जल भराव, सड़कों में कीचड़ एवं गड्ढे से आवागमन में हो रही परेशानी की लगातार शिकायत मिलने के बाद श्री वोरा ने प्रतिदिन सुबह प्रशासनिक अमले के साथ वार्डों में दौरा कर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करने की मुहिम शुरू की है जिसके अंतर्गत मोहन नगर एवं हरिनगर के नागरिकों को राहत दिलाने के बाद गुरुवार को वोरा के दौरे से पोटियाकला वार्ड क्रमांक 53 की कई गलियों में बेहद

खराब स्थिति में आवागमन कर रहे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। जिन जर्जर गलियों से विधायक गुजरे निगम अमले ने तत्काल वहां गड्ढे फिलिंग करने का कार्य प्रारंभ कर दिया। जहां जहां वार्ड वासियों ने जो भी शिकायत की वहां उन्होंने टीम बुलवाकर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करवाया। विधायक के सख्त रवैये से निगम अमले में भी प्रशासनिक कसावट देखने को मिली जब वर्षों से जाम पड़ी नालियों एवं जल भराव की स्थिति को मौके पर ही साफसफाई कर दूर किया गया। श्री वोरा ने कहा कि जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। बरसात को रोका नहीं जा सकता किन्तु बरसाती मौसम में होने वाली समस्याएं कोई नई नहीं है इसके लिए पूरी तैयारियां पहले से ही रखना आवश्यक है। कई गलियों में कीचड़ एवं गड्ढों से लोगों को पैदल और दोपहिया में चलना दूभर हो गया है तत्काल ऐसी जगहों पर डस्ट, जीरा मुरुम आदि डाल कर त्वरित राहत दी जाए साथ ही गंदे पानी का जमावड़ा कहीं ना होने दिया जाए। साथ ही गणेश विसर्जन को देखते हुए उन्होंने शिवनाथ तट का भी निरीक्षण किया। जहां दुर्ग.भिलाई में विराजमान अनेकों मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। जहां स्वयं खड़े होकर जर्जर रोड़ का संधारण करवाया।

संधारण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज दीपक नगर स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी उ.मा. शाला में निर्माण और संधारण कार्य लागत 1 करोड़ 55 लाख से बनेगा स्कूल की खूबसूरती, स्कूल परिसर 10 नए कमरे 85 लाख, बाउंड्रीवाल 20 लाख, पुराने भवनों का संधारण कार्य 50 लाख।

उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विधालय में संधारण कार्य 26 लाख का निरीक्षण करते हुए उन्होंने 30 सितम्बर तक पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके कार्यपालन अभियंता एमपी गौस्वामी, प्रभारी कार्यपालन अभियंता जितेंद्र समैया, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, सहायक अभियंता आरके पालिया, उपअभियंता भारती ठाकुर, करण यादव के अलावा प्राचार्य नीता भट्ट सहित स्कूल के अध्यापक गण मौजूद थे।

महापौर ने कहा आदर्श स्कूल ने शिक्षा के साथ ही खेल खुद और कला के क्षेत्र में भी कई होनहार छात्राएं शहर को दिया है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा देने वाली छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है, स्मार्ट स्कूलों की तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त भवन के कार्यों में तेजी लाए।

अनियमितता पर अभियंता रणदिवे सस्पेंड

भिलाई/ नवप्रदेश। वैशाली नगर जोन में पदस्थ कार्यपालन अभियंता टीण्केण् रणदिवे को कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर आयुक्त प्रकाश सर्वे ने ट्रैफिक सिग्नल के अनियमितता के मामले में निलंबित कर दिया है। 8 सितंबर को श्री रणदिवे को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और अनियमितता के मामले में 3 दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा था। परंतु कार्यपालन अभियंता ने नोटिस का कोई भी जवाब नहीं दिया। जिस पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता रणदिवे को तत्काल प्रभाव से निगम आयुक्त श्री सर्वे ने निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में रणदिवे का मुख्यालय जोन क्रं. 5 सेक्टर 6 होगा तथा इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है कि मामला ट्रैफिक सिग्नल के अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। नेहरूनगर एवं खुर्सीपार चौक में ट्रैफिक सिग्नल के स्थापना, संचालन, संधारण के लिए निगम ने रुचि की अभिव्यक्ति के तहत एएस एडवरटाइजर्स के साथ अनुबंध कर कार्यादेश जारी किया था। इसके प्रक्रियाओं में बड़ी गड़बड़ी की बात सामने आई थी और मामला कलेक्टर और निगम आयुक्त तक पहुंचा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच की गई। जब जांच हुई तो कई सारी गड़बड़ियां उजागर हुई है। प्रारंभिक परीक्षण एवं जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि ट्रैफिक सिग्नल के संचालन, संधारण एवं स्थापना के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किए जाने तथा नियम शर्तों का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन लिया गया परंतु जब दरें प्राप्त हुई तब अनुबंध एवं कार्य आदेश जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई। जबकि महापौर परिषद ने यूनीपोल के लिए दिनांक 18 नवंबर 20 को राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर दर का निर्धारण किया था परंतु फिर भी ट्रैफिक सिग्नल के मामले में वर्ष 2016 के प्राप्त दरो को निविदा समिति में रखा गया।

धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर मुखर हुई भाजपा

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश में लगातार हो रही धर्मांतरण के मुद्दे पर भाजपा अब मुखर हो गई है और इस मुद्दे के लेकर व्यापक रूप से आंदोलन छेड़ दिया है जिसके तहत आज प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर धर्मांतरण के मुद्दे पर भाजपा के सभी मंडलों के नेताओ ने अपने अपने थाना व चौकियों में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर थानेदार को ज्ञापन सौंपकर इलाके में होने वाले धर्मांतरण कार्य को तत्काल रोकने व इस मिशन पर कार्य करने वालो पर एफआईआर दर्ज करने की मांग किया। शहर में दोपहर 12 बजे चंडी शीतला मंडल भाजपा के अंतर्गत सिटी कोतवाली व गंजपारा सदर मंडल द्वारा पुलगांव थाना पहुंचकर भूपेश सरकार व मिशनरियों के खिलाफ

जोरदार नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे जिला मंत्री दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, दीपक चोपड़ा, महामंत्री विजय ताम्रकार, राहुल पंडित, बंटी चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जिला मंत्री देवांगन ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्तासीन हुई है तब से धर्मांतरण कार्य प्रदेश में अपने चरम सीमा पर है और भूपेश सरकार के संरक्षण में मिशनरियां गरीब व भोले भाले लोगो को ईलाज के नाम पर प्रलोभन देकर बकायदा धर्म परिवर्तन करवा रहे है और यह सब इतने मजबूती से चल रहे है कि इनके खिलाफ प्रशासन तक हाथ डालने से कतरा रही है जिसका नतीजा यह है कि अब इस मिशनरी के अध्यक्ष भी खुलेआम धर्मांतरण को कानूनी अधिकार होने की बात कह चुनौती दे रही है लेकिन भाजपा अब इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतर गई है और समय.समय पर विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन भी आयोजित किया जा रहा है और आज इस मुद्दे को लेकर प्रदेश भाजपा के आह्वान पर चंडी शीतला मंडल व गंज पारा मंडल द्वारा थानेदार को ज्ञापन सौंपकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष कलिंदरी साहू, प्रकाश ताम्रकार, मनहरण देवांगन, अमित पटेल, नीलेश अग्रवाल, राजा यादव, शुभम साहू, संदीप चंद्राकर, रोशनलाल कन्नौज, ऋषि यादव, चंद्रकांत साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202107100400368

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सीमा तिड़के पति राकेश कुमार तिड़के निवासी कसारीडीह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 342/30 रकबा 0.011 हें 1237.5 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री मनोज कुमार साहू	20210910040011‍2

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनोज कुमार साहू आ. श्री भोजराम साहू निवासी मकान नं. 504 वार्ड नं. 20 ग्राम धनोरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	222/50	0.112 हें 10605 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री राहुल सिन्हा	202109100400110

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राहुल सिन्हा आ. श्री राजेन्द्र सिन्हा निवासी 16/बी चंद्रनगर वार्ड नं. 10 शांतिनगर कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	4132/3	0.07 हें 728 वर्गफीट	वाणिज्यिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री हरिश जायसवाल आ. शोभाराम जायसवाल साकिन फरसगांव के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न. 43 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 496/2 का टु. रकबा 0.023 हे. 2400 वर्गफीट भूमि धनंजय सिंह आ. कोमल सिंह निवासी लक्ष्मीनगर रिसाली भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 14.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2020-21
पंजी. 202109102800038

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिग्विजय साहू पिता स्व. धन्नालाल साहू निवासी जंजगिरी तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्वयं व अन्य के भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि मौजा ग्राम जंजगिरी प.ह.न. 49 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 563/27 रकबा 0.023 हे. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 08.10.2021 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202108101000121
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- श्रीमती प्रीति मिश्रा अन्य 01
अनावेदक पक्षकार-

आवेदिका श्रीमती प्रीति मिश्रा पति किशोर मिश्र निवासी हाउसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1383/1 कुल रकबा 4.9840 हे. मे से रकबा 0.014 हे. 1500 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता मेसर्स वेड प्रकाश चोपड़ा एवं कंपनी भागिदार- अलोक कुमार लुनिया पिता स्व. जे.के. लुनिया निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.08.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202109101000050
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- आशा साहू
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशा साहू पिता/पति संतोष कुमार साहू पता कोहका द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 253/7 रकबा 0.010 हे. जो मीना साहू पति पन्नालाल साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी मीना साहू पति पन्नालाल साहू की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.09.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202102103800001

आवेदक श्री प्रदीप कुमार मिश्रा आ. स्व. एस.एल. गौतम निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एम.आई.जी-2/442 रकबा 160-00 वर्गमीटर भूं-खंड/ मकान धारकगण डॉ. संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, शीला पिस. स्व. एस.एल. गौतम निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के पट्टे की अवधि 2038 तक निष्पादित है। उक्त भूखण्ड के सहधारक डॉ. संतोष कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, शीला द्वारा अपने भाई आवेदक के पक्ष में पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 17.12.2020 को निष्पादित किए है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से पंजीकृत हकत्याग के आधार पर हकत्यागकर्ता सहधारकों का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.09.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202109103800014

आवेदक श्री दीनानाथ सिन्हा आ. स्व. आत्माराम सिन्हा निवासी मरारपारा वार्ड 05 गयानगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 बी भूंखड क्र 11 रकबा 57 वर्गमीटर धारक आत्माराम आ. जगदीश कलार के नाम पर विलेख निष्पादित है। धारक की मृत्यु दिनांक 08.12.2020 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि जुगरी बाई, पुत्र दीनानाथ, पुत्री देवकी, गीता, सीता, लक्ष्मी है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.09.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री जय प्रकाश साहू आ. श्री गिरवर दास साहू निवासी गणपति विहार कालोनी बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा भूमिस्वामी राजेश जालान आ. श्री ओ.एम. जालान के तरफ से आम मुख्तयार प्राप्तकर्ता हरीश कुमार केवलतानी आ. श्री प्रभुदास केवलतानी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा ग्राम रिसाली प.ह.न. 19/22 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित है जिसका खसरा नं. 265/9 रकबा 0.030 हेक्टेयर याने 3000 वर्गफीट भूमिस्वामी हक में स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार जय प्रकाश साहू पिता श्री गिरवर दास साहू द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि दे दी गई है केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय, निगम एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 10 दिनों के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त इकरार शुदा भूमि अपने पक्ष में बयनामा निष्पादित करा लेवेगा। बाद पंजीयन की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैध होगी।

सो सूचना जाने।

स्थान- दुर्ग
दिनांक 17.9.21

मुहर — सुनित कुमार साहू, अधिवक्ता, जिला न्यायालय दुर्ग

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता सेड्रिक गेब्रियल (CEDRIC GABRIEL) आ. श्री बी. गेब्रियल (B. GABRIEL) निवासी क्वार्टर नं. 7/ए सड़क नंबर 10 सेक्टर- 8 भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं। मेरा जन्मतिथि 06.03.1992 है। मै पूर्व में बी. शड्रक (B. SHADRAK) आ. श्री बी. गेब्रियल (B. GABRIEL) नाम से पहचाना एवं पुकारा जाता था मैं अपना नाम बदलकर सेड्रिक गेब्रियल (CEDRIC GABRIEL) आ. श्री बी. गेब्रियल (B. GABRIEL) रख लिया हूं तथा अब मैं अपने परिवर्तित नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाता हूं। अतः शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज नाम बी. शड्रक (B. SHADRAK) आ. श्री बी. गेब्रियल (B. GABRIEL) के स्थान पर आगे भविष्य में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, परिचय पत्र सहित समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखो/ दस्तावेजों में परिवर्तित संशोधित नाम सेड्रिक गेब्रियल (CEDRIC GABRIEL) आ. श्री बी. गेब्रियल (B. GABRIEL) लिखना चाहता हूं।

स्थान- दुर्ग
दिनांक 16.09.21

शपथकर्ता
CEDRIC GABRIEL

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती विभा कुमारी पाण्डेय पति धनजंय पाण्डेय साकिन उतई के द्वारा ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 928/3 रकबा 0.013 हे. भूमि प्रीति वर्मा पति महेन्द्र वर्मा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री बघेल ने वामनराव लाखे की जयंती पर उन्हें किया याद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित वामनराव लाखे की जयंती 17 सितम्बर पर उन्हें नमन किया है। श्री लाखे के अमूल्य योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि लाखे जी छत्तीसगढ़ में सहकारिता के जनक के रूप में जाने जाते हैं। सहकारिता के क्षेत्र में किये गये उनके अथक प्रयासों और आंदोलनों का लाभ आज लाखों किसानों को मिल रहा है। श्री लाखे के प्रयासों से ही रायपुर में प्रथम सहकारी बैंक की स्थापना हुई। किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता और सहकारी संगठनों की मजबूती के लिए आजीवन काम करते रहे। श्री बघेल ने कहा कि श्री लाखे ने छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनजागरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। छत्तीसगढ़ की प्रथम मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ मित्र का प्रकाशन कर उन्होंने यहां पत्रकारिता की बुनियाद रखी। राष्ट्रीय चेतना के विकास में इस पत्रिका ने प्रमुख भूमिका निभाई। बघेल ने कहा कि श्री लाखे जैसे सेवाभावी और कर्मठ व्यक्तित्व सदा निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

इंडिगो की रायपुर पुणे फ्लाइट का हुआ शुभारंभ, पहले राउण्ड में 130 यात्री रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। इंडिगो विमान सेवा द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी सहित आसपास के जिलों में यात्रियों को अब तक रायपुर से पुणे के लिए फ्लाइट सेवा उपलब्ध नहीं थी। इसी कड़ी में आज इंडिगो ने रायपुर से पुणे के लिए पहली फ्लाइट रवाना की प्रथम यात्री परिवार के रूप में बोर्डिंग पास तिवारी परिवार को प्राप्त हुआ। पहले राउण्ड में 130 यात्री रायपुर से पुणे के लिए रवाना हुए। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट टर्मिनल के निदेशक राकेश रंजन सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सेवा सप्ताह में 4 दिन मंगलवार गुरूवार शनिवार एवं रविवार को हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को प्राप्त होगी। अब रायपुर के यात्रियों को केवल दो घंटे में पुणे पहुंचकर अपना कामकाज निपटाने में महत्वपूर्ण सुविधा इंडिगों के सौजन्य से उपलब्ध होगी।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक नि :शुल्क कार्ड योजना होगी प्रारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के संचालक मंडल की चौदहवीं बैठक गुरुवार को नवा रायपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सुशील सन्नी अग्रवाल ने की। बैठक में श्रमिकों का निःशुल्क पंजीयन करने हेतु मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कार्ड योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कई कल्याणकारी निर्णय लिए गए। जिसमें प्रमुख रूप से मंडल के तहत श्रमिकों के पंजीयन के सरलीकरण, श्रमिकों के अधिक से अधिक पंजीयन हेतु शिविर आयोजित करने, भगिनी प्रसूति सहायता योजना के तहत बच्चे के जन्म के बाद एक किस्त में 10 हजार रुपए दिए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के सदस्यगण महेश शर्मा, सतीश अग्रवाल, श्याम जायसवाल, अनिल सिंह, मंजू सिंह, बलराम मौर्य, दुर्गेश जायसवाल, अमृत कुमार खलखो सचिव छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग, शीतल शाश्वत वर्मा विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग, ए.के. महान्ता कल्याण आयुक्त श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार, एस.एल. जांगडे अपर श्रमायुक्त, भागीरथी वर्मा मुख्य कार्यपालन अभियंता, आर. के. खन्ना कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, राजेश कुमार पात्रे सचिव छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं मण्डल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पुरातत्व विभाग के तकनीकी टीम ने भोरदेव मंदिर का किया निरीक्षण

- पानी रिसाव को रोकने की जाएगी पहल
- तकनीकी टीम ने मंदिर के बाहरी भाग में भी चावल व केमिकल युक्त गुलाल व अन्य समाग्री छिड़कने पर प्रतिबंध लगाने की रिपोर्ट दी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के संस्कृति एवं पुरात्व विभाग की टीम द्वारा कबीरधाम जिला प्रशासन के रिर्पोर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है।

मंदिर में हो रहा है पानी का रिसाव

फणीनागवंशी काल, 11वीं शताब्दी में निर्मित छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरात्व,पर्यटन एवं धार्मिक जन आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर के परिसर एवं गर्भगृह में हो रहे बरसात के पानी के रिसाव व मंदिर के बाहरी भाग के क्षरण के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जिला प्रशासन की रिपोर्ट पर गुरूवार को छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पुरात्व विभाग की टीम ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अमृत लाल पैकरा की अवलोकन टीम में चार अलग-अलग तकनीकी विशेषज्ञों ने बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में पुरात्व विभाग के अधिकारी सहित जिला प्रशासन की टीम शामिल थे। पुरात्व विभाग की संयुक्त टीम ने भोमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्रों का बारिकी से अवलोकन किया। अवलोकन के बाद टीम ने कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा को भोरमदेव मंदिर परिसर के गर्भ गृह में पानी का रिसाव,व बाहरी भाग के रक्षण होने के वास्तविक कारणों को बताया।

मंदिर में गुलाल, चंदन और चावल पर प्रतिबंध

तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने मंदिर के गर्भगृह के बाहरी भाग में चावल व केमिकल युक्त गुलाल, चंदन व वंदन लगाने के लिए प्रतिबंध करने की बात कही है। एसडीएम विनय सोनी ने बताया कि मंदिर में अंदर गर्भगृह में भोरमेदव प्रतिभा में चावल व केमिकल युक्त गुलाल पर प्रतिबंध लगाया है। मंदिर के पुजारी अशीष शास्त्री ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर गर्भगृह में चावल व केमिकल युक्त अन्य समाग्री के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। सर्व साधारण को सुचना देने के लिए प्रबंधन समिति की ओर से सूचना पटल भी लगाई गई है।

मंदिर में नए सिरे से होगी फिलिंग

पुरात्व विभाग की विशेषज्ञों की टीम ने बताया छत्तीसगढ़ में 11वीं शताब्दी काल में निर्मित व इसके समकालिन अन्य मंदिरों की तुलना में भोमरदेव मंदिर की स्थिति बहुत ही अच्छा है। कुछ कारणों से पानी का रिसाव हो रहा हैं, इसकी रिपोर्ट विभाग को दे दी जाएगी। विशेषज्ञों की टीम ने भोरमदेव मंदिर के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मंदिर की उपरी भाग की विशेष साफसफाई, पत्थरों के जोड़ों को पुनः फिलिंग करने व विशेष कोडिंग के लिए रिपोर्ट बनाई है। टीम ने मंदिर के आसपास के पेड़ों की छटाई करने की रिपोर्ट जिला प्रशासन को दी है। टीम ने बताया कि पतझड़ के मौसम में आसपास के पेड़ों के पत्ते मंदिर के उपरी भाग में जम गए है, जिसकी वजह से पानी की निकासी सही नहीं हो पा रही है। पुरात्व विभाग के विशेषज्ञों की टीम ने मंदिर के चारों दिशा में भूतल से नए सिरे से फिलिंग करने के लिए सर्वे किया है।

भगवान विश्वकर्मा का पूजन आज कारखानों सहित विभिन्न संस्थानों में होगा संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती 17 सितंबर डोल ग्यारस के दिन धूमधाम से मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ब्रम्हा के पुत्र है। सृष्टि की संरचना में भगवान विश्वकर्मा का चमत्कार समस्त संसार के चलाचल जगत को चलाता है। इस दिन विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में मशीनों औजारों, वाहनों आदि की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा का नमन राजधानी सहित पूरे प्रदेश भर में संस्थान के सदस्य एवं वहां कार्यरत श्रमिकों द्वारा किया जाता है। भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रद्धापूर्वक पूजन विधिविधान से किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सृष्टि के देवता की श्रद्धापूर्वक की गई पूजा से भगवान अत्यंत प्रसन्न होकर श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। अधिकांश औद्योगिक संस्थानों में पूजा के उपरांत फल, मिष्ठान आदि का वितरण कर अवकाश प्रबंधन द्वारा दिया जाता है। ज्ञातव्य है कि सनातन धर्म में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण व सृजन का देवता माना जाता है. पौराणिक कथाओं के अनुसार, आज ही के दिन भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था। धार्मिक मान्यताओं अनुसार, संसार की रचना ब्रह्मा जी ने की है और उसे सुंदर बनाने का काम भगवान विश्वकर्मा को दिया गया है. यही वजह है कि भगवान विश्वकर्मा को संसार का सबसे पहला और बड़ा इंजीनियर कहा जाता है. ऐसी भी मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मा जी के पुत्र वास्तु की संतान थे। वहीं ये भी माना जाता है कि भगवान शिव के लिए त्रिशूल, विष्णु जी के सुदर्शन चक्र और यमराज के कालदंड, कृष्ण जी की द्वारका, पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ, रावण की लंका, इंद्र के लिए वज्र समेत कई चीजों का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया है।

शास्त्रों में भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मा जी का पुत्र कहा जाता है. कहा जाता है कि इन्होनें स्वर्ग लोक, पुष्पक विमान, द्वारिका नगरी, यमपुरी, कुबेरपुरी आदि का निर्माण किया था. श्रीहरि भगवान विष्णु के लिए सुदर्शन चक्र और भोलेनाथ के लिए त्रिशूल भी इनके द्वारा ही तैयार किया गया था. मान्यता के अनुसार सतयुग का स्वर्गलोक, त्रेता की लंका और द्वापर युग की द्वारका की रचना भी भगवान विश्वकर्मा ने ही की थी।

ट्रक के केबिन में डोडा व अफीम छीपाकर ले जाते, दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आमानाका पुलिस ने बुधवार को एक ट्रक के केबिन से 29 किलों 200 ग्राम डोडा व 1 किलो 450 ग्राम अफीम जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक 15 सितंबर को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचवी 9645 में सिलतरा से टाटीबंध की ओर दो व्यक्ति अवैध डोडा एवं अफीम बिक्री करने ले जाने की सूचना मुखबीर से मिलने पर नया बाईपास रोडटाटीबंध, आमानाका के पास नाकाबंदी कर ट्रक रोककर तलाशी लेने के दौरान ट्रक के केबिन में प्लास्टिक बोरियों में मादक पदार्थ डोडा 29 किलों 200 ग्राम कीमत 1 लाख 50 हजार रुपये रुपयें तथा अफीम 1 किलों 450 ग्राम कीमत 3 लाख एवं ट्रक को जब्त कर ली है तथा ट्रक ड्राईवर मंदीप सिंह रंधावा 42 वर्ष पिता अमरीक सिंह निवासी नारी रोड, गुरू तेग बहादुर नगर, गुरूद्वारा के पास थाना जरी पटका जिला नागपुर महाराष्ट्र एवं रंजीत सिंह ढिल्लन पिता जगजीत सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी नागपुर नारी रोड, गुरू तेग बहादुर नगर गुरूद्वारा के पास थाना जरी पटका जिला नागपुर महाराष्ट्र को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ एनडीपीएस के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की गई है।

छत्तीसगढ़ के नवोदित रचनाकारों के लिए साहित्यकार गिरीश पंकज ने शुरू की प्रोत्साहन योजना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवोदित रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभिनव प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। यह योजना सद्भावना दर्पण के संपादक साहित्यकार - पत्रकार गिरीश पंकज ने शुरू की है।

साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ हमारी कर्मभूमि है और इस महान धरती ने मुकुटधर पांडेय, गजानन माधव मुक्तिबोध, नारायण लाल परमार, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, बलदेव प्रसाद मिश्र, हरि ठाकुर, आनंदीसहाय शुक्ल, श्यामलाल चतुर्वेदी,ललित सुरजन, बबनप्रसाद मिश्र, गुरुदेव काश्यप जैसे अनेके विचारवान लेखक-पत्रकार पैदा किए। उनकी परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए अब नवोदित रचनाकारों के साथ काम करना चाहिए, ताकि उनकी लेखन प्रतिभा को दिशा मिले। गिरीश पंकज ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य होगा छत्तीसगढ़ में नवोदित रचनाकारों की पहचान करना, प्रोत्साहन देना, सहायता करना तथा यथोचित मार्गदर्शन प्रदान करना करके उनका मनोबल बढ़ाना। मैं अपनी पुस्तकों से मिलने वाली रॉयल्टी से कम-से-कम पाँच युवा लेखकों को प्रोत्साहनस्वरूप कुछ निश्चित धनराशि प्रदान करूँगा। कुछ सामूहिक वर्कशॉप भी हो सकते हैं। गिरीश पंकज ने कहा कि मेरी हार्दिक इच्छा है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में पाँच सौ ऐसे लेखक तैयार हों, जो साहित्य की विभिन्न विधाओं में महारत हासिल करके छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय परिदृश्य में पहचान दिला सकें। छत्तीसगढ़ के ऐसे ही नये लेखकों से अनुरोध है, जो साहित्य की दुनिया में ईमानदारी के साथ कुछ करना चाहते हैं। साहित्य की विविध विधाएं हैं, जैसे व्यंग्य, कहानी, लघुकथा, कविता, गीत-गजल, बाल साहित्य आदि। इनके माध्यम से हम मानवीय संवेदनाओं को स्वर दे सकते हैं। ऐसे लेखक जो इस विधा में रुचि रखते हैं, उनके द्वार मेरे लिए खुले हुए हैं। नये रचनाकार मुझसे बातचीत कर सकते हैं। लेकिन मुझसे जुड़ने वाले लेखकों को पहले यह बताना होगा कि उन्होंने किन पांच महत्वपूर्ण लेखकों की पुस्तकें पढ़ी हैं। क्या उन्होंने महाकवि गोस्वामी तुलसीदास महान ग्रंथ रामचरितमानस का अवगाहन किया है। भारतेंदु हरिश्चंद्र, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, रांगेय राघव, मुक्तिबोध, अज्ञेय या धूमिल आदि को पढ़ा है? केवल नाम गिनाना पर्याप्त नहीं, प्रमाणस्वरूप उनकी रचनाओं का भी जिक्र करना होगा, पुस्तकों की सेल्फी के साथ।

रचनाकारों से ई-मेल (girishpankajv@gmail.com) के जरिए अधिक संवाद होगा। मेरा लक्ष्य है कि आने वाले कुछ वर्षो में छत्तीसगढ़ से अच्छे साहित्यकार तैयार हों। प्रोत्साहन योजना में रुसेन कुमार जैसे ऊर्जावान युवक और वैभव प्रकाशन के संचालक डॉक्टर सुधीर शर्मा भी जुड़ेंगे।

कल बलौदाबाजार, रायगढ़, कुनकुरी में होगी बैठक

छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा का 17, 18 एवं 19 को त्रिदिवसीय सघन जनसम्पर्क

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना काल की भीषण त्रासदी से सारा विश्व प्रभावित हुवा है। इस आपदा से छत्तीसगढ़ भी अछूता नही रहा। आपदा के दौरान समाज में हुई सामाजिक, व्यावसायिक पर चिंतन करने, समाजजनों में नवीन जीवनशैली, कोरोना के साथ जीवन, व्यावसायिक एवम पारिवारिक उलझनों को किस तरह सुलझाया जाये बतलाने एवम समाजजनों में उत्साह भरने के लिए अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय दायित्वधारी रायपुर आ रहे हैं। प्रदेश सभा के अध्यक्ष-रामरतन मूंधड़ा, भाटापारा ने बतलाया की महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय काबरा, भदोही, संयुक्त मंत्री मध्यांचल विजय जी राठी, इटारसी एवमं राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री नारायण जी राठी, रायपुर के सानिध्य में यह प्रवास होगा। प्रदेश मंत्री - सुरेश मूंधड़ा ने बतलाया की कल 17 सितम्बर को रायपुर से आरम्भ होने वाले तीन दिवसीय प्रवास में बलौदाबाजार, रायगढ़, कुनकुरी, बाराद्वार, नैला, जांजगीर, कोरबा, चाम्पा, बिलासपुर, भाटापारा, तिल्दा, नेवरा, रायपुर के समाजजनों से बैठकों में प्रत्यक्ष सम्पर्क करेंगे।इस दौरान निवर्तमान अध्यक्षः विट्ठल भूतड़ा- दुर्ग, संगठन मंत्रीः नंदकिशोर राठी-कोरर, कोषाध्यक्षः ओमप्रकाश टावरी-दुर्ग, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महिला संगठन- श्रीमती ज्योति जी राठी, राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री युवा संगठन- राजेश मंत्री बालोद, उपाध्यक्षः डॉ सतीश राठी - रायपुर, राजकुमार गांधी-दुर्ग, सुरेन्द्र चांडक- सुकमा, संयुक्त मंत्रीः रमेश केला- कुरूद, प्रकाश माहेश्वरी- रायपुर, सह मंत्रीः सूरज प्रकाश राठी- रायपुर, प्रचार प्रसारः लक्ष्मीनारायण चांडक-साजा, प्रबंध न्यासी- महेश सेवा निधिः मनोज राठी-रायपुर, जिलाध्यक्षः डॉ रमेशचंद्र भट्टड़- तिल्दा, अजय सारड़ा-रायपुर, नरेन्द्र राठी- दुर्ग, श्रीकिशन सारड़ा-राजिम, गजेंद्र चांडक जगदलपुर, कार्यसमिति सदस्य महासभा- बृजकिशोर सुरजन राजनांदगांव, प्रदेश अध्यक्ष युवा संगठन- रूपेश गांधी कांकेर, सहित स्थानीय सभा, महिला संगठन, युवा संगठन के पदाधिकारीगण एवम समाजजन उपस्तिथ रहेंगे।

संगठन मंत्री- नंदकिशोर राठी, कोरर ने बतलाया की समाज-संगठन में समस्त पदाधिकारियों का नैतिक दायित्व होता है की हम सभी एक दूसरे के कार्यों, सुख- दुख में साथ निभाहें। अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा द्वारा इसी उद्देश्य को लेकर विभिन्न ट्रस्टों का गठन किया गया है। जो विभिन्न क्षेत्रों जैसे-रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवमं सामाजिक कल्याण में सतत कार्य कर रहे हैं।

प्रदेश सहमंत्री - सूरज प्रकाश राठी ने बतलाया की महासभा के BMM सम्पर्क ऐप्प के माध्यम सम्पूर्ण भारतवर्ष के माहेश्वरी परिवारों की जानकारी हमारे पास उपलब्ध है। जिसके माध्यम से हमारे द्वारा उनकी आवश्यकता के अनुरूप सम्बंधित ट्रस्ट के माध्यम से उन्हें सहयोग उपलब्ध करवाने हेतु सेतुबन्ध का कार्य किया जा रहा है। हम सभी समाजजनों का दायित्व है की इस कार्य में पूरे मन से सहयोग प्रदान करें।

'स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत' पखवाड़ा अभियान शुरु, डीआरएम ने दिलाई शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे द्वारा 'स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत' के तहत स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2021 तक आयोजन किया जा रहा है। इस स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रायपुर रेल मंडल में प्रत्येक दिवसों के अलग अलग थीम के अनुसार स्वच्छ जागरूकता, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ आवास एवं कार्य परिसर, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ आहार, स्वच्छ प्रसाधन, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रतियोगिता, स्वच्छ समीक्षा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ आज प्रभात फेरी निकालकर किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अधिकारियों एवं खेल संघ के खिलाड़ियों ने प्रभात फेरी में भाग लिया। प्रभात फेरी डब्ल्यू आर एस इंस्टीट्यूट से बालाजी चौक होते हुये डीआरएम ऑफिस पहुँची। इस दौरान सभी ने सामाजिक दूरी रखते हुए कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुऐ अपनी सहभागिता दी।

शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की गई जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा वनवासियों तथा लघु वनोपज संग्राहकों के हित में कई अहम् निर्णय लिये गये हैं। इनमें शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना भी शामिल है। यह योजना राज्य में 5 अगस्त 2020 से तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता सामाजिक सुरक्षा योजना का कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन हो रहा है।

तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को मिली सामाजिक सुरक्षा

गौरतलब है कि राज्य में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना विगत 5 अगस्त 2020 से संचालित है। इस योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवार के मुखिया, जिनकी आयु मृत्यु दिनांक को 18 से 50 वर्ष तक हो, उसकी सामान्य मृत्यु होने पर उसके द्वारा नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को दो लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है। दुर्घटना से मृत्यु होने पर दो लाख रूपए की राशि अतिरिक्त रूप से प्रदान की जाती है। दुर्घटना से पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में दो लाख रूपए तथा आंशिक निःशक्तता की स्थिति में एक लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि दुर्घटनाग्रस्त पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को प्रदान की जाती है।

इसी तरह तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवार के मुखिया, जिनकी आयु मृत्यु दिनांक को 51 से 59 वर्ष के बीच हो, उसकी सामान्य मृत्यु होने पर उसके द्वारा नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को 30 हजार रूपए दी जाती है। दुर्घटना से मृत्यु होने पर 75 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है। दुर्घटना में पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में 75 हजार रूपए तथा आंशिक निःशक्तता की स्थिति में 37 हजार 500 रूपए की सहायता अनुदान राशि दुर्घटनाग्रस्त पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को प्रदान की जाती है।

मेंटेनेंस के लिए किया गया था भुइयां ऑनलाइन पोर्टल बंद, विसंगतियों को लेकर पटवारियों ने किया प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। भुइयां ऑनलाइन पोर्टल से राजस्व संबंधी कई अभिलेख नष्ट हो रहे हैं। इसको लेकर राजस्व पटवारी संघ ने विरोध दर्ज कराया। संघ के संचालक ने भू अभिलेख और एनआईसी का घेराव किया, साथ ही 17 सिंतबर को ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

भुइयां ऑनलाइन पोर्टल को मेंटेनेंस के लिए 8 से 13 सितंबर तक बंद किया गया था, लेकिन पोर्टल शुरू होने के बाद से आ रही समस्याओं ने पटवारियों का काम कई गुना बढ़ा दिया है। इन समस्याओ की वजह से राजस्व पटवारी संघ के बैनर तले प्रदेश के तमाम जिलों से आये पटवारियों ने इंद्रावती भवन में संचालक भू अभिलेख व एनआईसी कार्यालय में घेराव किया।

खसरा नंबर में हुआ हेर फेर

भुइयां पोर्टल में फसल गिरदावरी के अंतर्गत फसल पुनरावृत्ति नहीं हो रहा है। किसी-किसी गांव का प्रत्येक खसरा का दो से तीन प्रविष्टि दिखा रहा है। किसी किसी गांव का बहुत से खसरा नम्बर विलोपित हो गया है। अभिलेख शुद्धता के अंतर्गत खसरा संकलन विलोपन पूर्ण किया जा चुका था उसमें भी बहुत सारे नम्बर अनावश्यक जुड़ गया है। एक ही खसरा नम्बर और रकबा दो कृषक के नाम नाम पर किस प्रकार दर्ज हुए हैं।

अपने आप ही हो रहा है लॉगआउट

इसके अलावा कम्प्यूटर से निकाले गए बी-1 में अधिक नम्बर रहता है, लेकिन खसरा खण्ड-1 या 2 में कुछ नम्बर क्यों नहीं रहता। खातों से सभी डिजिटल हस्ताक्षर स्वामेव विलोपित हो गए हैं। किसानों को नकल नहीं मिल रहा है और अभी डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) भी नहीं हो रहा है। लॉगिन होने बाद भुइयाँ सर्वर अपने आप लॉगआउट हो रहा है।

रिकॉर्ड और दस्तावेजों में बदलाव के लिए एनआईसी जिम्मेदार

संघ के पदाधिकारियों ने संचालक भू अभिलेख शाखा से कहा है कि राजस्व अभिलेखों व दस्तावेजों में जो भी परिवर्तन आ रहा है, इसके लिए पटवारी नहीं बल्कि एनआईसी ही जिम्मेदार है। अभिलेखों में जो भी परेशानी आ रही है, उसके लिए पोर्टल को 6 दिनों तक बंद किया जाना ही मुख्य कारण है।

संघ ने अपने ज्ञापन में भुइयां ऑनलाइन पोर्टल में सभी गड़बडियां को शीघ्र ही ठीक करने की मांग की। 8 सितंबर के पूर्व के दस्तावेज दुरुस्त नहीं होने की स्थिति में आज विश्वकर्मा पूजा के दिन प्रदेश के तमाम पटवारी भुइया ऑनलाइन पोर्टल का बहिष्कार करेंगे। पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में कोई भी नामान्तरण का अभिलेख दुरुस्त नहीं हो रहा है।

संपादकीय

दिल्ली वाला फार्मूला यूपी में

उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब लगभग 6 माह का समय शेष रह गया है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सत्ता पर काबिज होने के लिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कवायद तेज कर दी है। मतदाताओं को लुभाने के लिए तरह तरह के प्रलोभन परोसे जा रहे है। आम आदमी पार्टी ने भी उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है और वहां भी वे दिल्ली वाला फार्मूला लागू करने का ऐलान कर रहे है। नई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री नवनीत सिसोदिया ने उत्तर प्रदेश की जनता से अपील की है कि वे इस बार यूपी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएं और प्रत्येक उपभोक्ता तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त पाएं। यही नहीं बल्कि उन्होने यह भी घोषणा की है कि यूपी के जिन किसानों पर भी बिजली बिल बकाया है वह सभी माफ कर दिया जाएगा और किसानों को बिजली मुफ्त दी जाएगी चाहे वे कितनी भी बिजली की खपत करें। अन्य बिजली बकायादारों का बिल भी माफ करने की उन्होने घोषणा की है। जाहिर है तरह के प्रलोभन से मतदाता भ्रमित हो सकते है। नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने निःशुल्क बिजली और मुफ्त पानी का वादा करके भारी बहुमत से सत्ता हथिया ली है। अब वे यही फार्मूला पंजाब और उत्तर प्रदेश में लागू करना चाहते है जिसमें वे कुछ हद तक वोट कबाड़ने में कामयाब भी हो सकते है। मुफ्त की चीज भला किसे बुरी लगेगी, वैसे भी अन्य राजनीतिक दलों ने भी पहले से ही मतदाताओं को तरह तरह के प्रलोभन परोसकर लालची बना दिया है। कोई पार्टी किसानों का कर्जा माफ करने की घोषणा कर के सत्ता पर काबिज हो जाती है तो कोई पार्टी बीपीएल परिवारों को निःशुल्क अनाज देने की घोषणा कर के सत्ता सुख पाती है। इस तरह की घोषणाएं उचित नहीं है। कायदे से इस तरह की लोकलुभावन घोषणाओं पर चुनाव आयोग को रोक लगा देनी चाहिए क्योंकि इस तरह की घोषणाएं सीधे-सीधे वोट खरीदने के समान है। यदि कोई राजनीतिक पार्टी मतदाताओं को कुछ भी सुविधा मुफ्त में देने की घोषणा करती है तो इसके लिए उसे अपने पार्टी फंड से धन राशि जुटानी चाहिए। सरकारी खजाने को लुटाकर वोट कबाड़ना न्यायोचित नहीं है। सरकार के खजाने में ईमानदार करदाताओं का पैसा जाता है जिसका उपयोग विकास कार्यों के लिए होना चाहिए न कि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए।

विचार

फिर चेहरा बदल रहा आतंक

दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में दबिश डालते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छह आतंकियों को धर दबोचा है। दावा है कि ये सभी त्योहारी मौसम में देश को अशांत करने की योजना बना रहे थे। इनकी गिरफ्तारी उन आशंकाओं को पुष्ट करती है, जो अफगानिस्तान में तालिबानी राज के शुरू होने के साथ जाहिर की गई थीं। काबुल में तख्तापलट के बाद यही कहा गया था कि इस पूरे खित्ते में अब आतंकवाद में बढ़ोतरी होगी और दहशतगर्दों को शह मिलेगी। कयास यह भी है कि चूंकि पाकिस्तान ने दो दशकीय जंग में दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका व उसके मित्र राष्ट्रों की फौज को शिकस्त दी है, और यह जीत भी ऐसी कि हार के बावजूद इस्लामाबाद के प्रति वाशिंगटन का रवैया नरम है, इसलिए विशेषकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान पोषित आतंकी जमातों का इस्तेमाल कहीं अधिक होगा। इन गिरफ्तारियों के बाद ये आशंकाएं सच प्रतीत होने लगी हैं।

अच्छी बात यह है कि हमारी सुरक्षा एजेंसियां तत्पर हैं और देश विरोधी षड्यंत्रों को सफलतापूर्वक बेनकाब कर रही हैं। मगर मसला यह है कि अगर एक बार भी इन आतंकियों के नापाक मनसूबे कामयाब हो गए, तो हमारी सुरक्षा व्यवस्था कठघरे में आ जाएगी। पिछले कुछ दिनों से ऐसी कोशिशें हो भी रही हैं। मसलन, हाल के दिनों में कश्मीर में आतंकी वारदातों में एक तरह की बढ़त दिख रही है। खबर यह भी है कि उत्तरी कश्मीर में, जहां हालात काफी हद तक ठीक रहते हैं, दहशतगर्दों की सीमा पार से घुसपैठ हुई है। पिछले एक महीने से वहां एनकाउंटर में इजाफा हुआ है। सरहद पार के आतंकी शिविरों में भी हलचल तेज है। जाहिर है, पाकिस्तान के भीतर जश्न का माहौल है। 1992 में जब अफगानिस्तान में डॉक्टर नजीबुल्लाह की सरकार को मुजाहिदीन ने पलट दिया था, तब भी पाकिस्तान में इसी तरह की खुशियां मनाई जा रही थीं। उल्लेखनीय है कि उसी दौर में कश्मीर की सुकून भरी वादियों में सीमा पार से आतंकवाद की धुंध पसरनी शुरू हुई थी। आज फिर से हमारे लिए वही खतरा सिर उठा रहा है।

मंगलवार को पकड़े गए आतंकियों के बारे में कहा गया है कि दाऊद इब्राहिम के भाई के साथ उनके तार जुड़े हुए हैं और डी-कंपनी के नेटवर्क का इस्तेमाल हो रहा था। इसमें सीधे-सीधे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का नाम नहीं लिया गया। क्या ये आतंकी बिना आईएसआई की मदद से इतनी बड़ी हिमाकत कर सकते हैं? अफगानिस्तान में हुकूमत बदलने के बाद यह कहा भी गया था कि यह मुल्क अब दहशतगर्दी का अड्डा बनेगा। छोटे-बड़े तमाम दहशतगर्दों की अफगानिस्तान की ओर रवानगी इसकी तस्दीक भी कर रही थी। चूंकि इन आतंकियों को पाकिस्तान की शह हासिल है, इसलिए भारत में होने वाली ऐसी किसी घटना में हमें 'नॉन-स्टेट एक्टर्स' के शामिल होने जैसे दावों पर यकीन नहीं करना चाहिए, बल्कि सीधे-सीधे पाकिस्तानी हुकूमत और उसकी एजेंसियों को घेरना चाहिए।

एक दूरदर्शी नेतृत्व–नरेंद्र मोदी

शिवप्रकाश

आत्मनिर्भर भारत ही आर्थिक दृष्टि से समृद्ध एवं देश में रोजगार सृजन का माध्यम हो सकता है। इस आत्मनिर्भरता के मंत्र को साकार करते हुए उन्होंने खादी के उपयोग का आह्वान किया। रक्षा क्षेत्र के उपकरण अपने देश में बनाने की प्रेरणा दी। कोरोना कालखंड में हमने विश्व के अनेक देशों को दवाई एवं स्वास्थ्य सेवा संबंधी उपकरण दिए। जिलों के छोटे-छोटे उत्पादों को प्रोत्साहन आदि के माध्यम से भारतीय हुनर को आगे लाने का प्रयास किया। जनजाति शिल्प को आगे बढ़ाया। वर्ष भर में सभी एक बार खादी वस्त्र अवश्य खरीदें इसका आह्वान किया, इसका परिणाम हुआ खादी क्षेत्र में लगे कर्मचारियों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी। विकास की दिशा को निर्धारित करते हुए गरीब एवं पिछड़ो को विकास के केंद्र बिंदु में लाने का प्रयास किया। आज मोदी सरकार की उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास जैसी अनेकों योजनाएं विकास गाथा को कह रही है।

17 सितंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस देश मना रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी के जन्म दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा प्रारंभ की है। भारतीय जनता पार्टीके असंख्य कार्यकर्ता एवं समर्थक चिकित्सालयों में मरीजों की सेवा, फल वितरण, वृक्षारोपण, कुष्ठ आश्रमों, जनजाति एवं अनुसूचित वर्गों के छात्रावासों में तथा मलिन बस्तियों में तरह-तरह के सेवा कार्य करते हैं। इस वर्ष भी वे इस कार्य को करेंगे। संपूर्ण विश्व में कोरोना महामारी का संकट अभी भी विद्यमान है। प्रथम एवं द्वितीय लहर आकर जा चुकी है। तृतीय लहर की संभावना हम सभी के सम्मुख आने की संभावना प्रकट हो रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कोरोना की तीसरी लहर की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक अभियान (National Health Volunteers Campaign) प्रारंभ किया है। जिसमें अभी तक लगभग। लाख वॉलिंटियर्स का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। 17 सितंबर को यह सभी स्वयंसेवक भी वैक्सीनेशन कराने में सहयोग करेंगे।

जब कभी हम किसी राजनीतिक नेता के संबंध में मूल्यांकन करते हैं तब उसका मूल्यांकन उसने कितने चुनाव जीते अथवा जिताए इसी के आधार पर करते हैं। राजनीतिक नेताभी अपनी सफलता को पाने के लिए इसी गुणा भाग में लगे रहते हैं। वास्तव में इतना मूल्यांकन पर्याप्त नहीं है। नेतृत्व द्वारा समाज को दिशा, जनता में गुण संवर्धन एवं भविष्य की चुनौतियों से लड़ने योग्य दिशा दी अथवा नहीं, यह भी मूल्यांकन का आधार होना चाहिए। इसी कसौटी के आधार पर हम अनेकों ऐसे महापुरुषों को स्मरण करते हैं जो अपने उपरोक्त गुणों के कारण आज भी समाज में स्मरणीय है।

2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के विकास के लिए , गरीबों के उत्थान के लिए एवं देश की अन्तर्बाह्य सुरक्षा जैसे अनेक विषयों को केंद्रित कर योजनाएं प्रारंभ की है। जो आज समाज के लिए लाभकारी भी सिद्ध हुई है7 मोदी देश में सुशासन के प्रतीक बन गए हैं। इन सबसे अलग जिन विषयों के लिए उनका कार्यकाल एवं उनका दूरदर्शी नेतृत्व सदैव प्रेरणादायक रहेगा, उन विषयोको वोट की तराजू पर नहीं तौला जा सकता। चुनाव की जीत हार के

भय के बिना साहसिक एवं युगांतकारी निर्णय लेना एवं उनको क्रियान्वित कराना मोदी जी जैसा साहसी व्यक्ति ही कर सकता है। समाज में जागरूकता, भविष्य की चुनौतियों से लड़ने योग्य समाज खड़ा करना एवं भारतीय लोकतंत्र में पनपने वाले संभावित दोषों को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को लंबे समय तक स्मरण किया जाएगा।

समाज जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में देशहित के लिए कार्य करने वाले श्रेष्ठ महानुभावों को प्रोत्साहन एवं प्रेरणा देने के लिए पद्म पुरस्कारों की परंपरा है। प्रतिवर्ष महामहिम राष्ट्रपति द्वारा इन पुरस्कारों को दिया जाता है। हम सभी को अनुभव आता था कि धीरे-धीरे इस व्यवस्था में क्षरण आ रहा है। दल का समर्थन, किसी एक निश्चित विचार एवं तरह-तरह के प्रलोभनो के माध्यम से पदम पुरस्कार प्राप्त किए जा सकते हैं, यह धारणा समाज मे पनप रही थी।प्रधानमंत्री मोदी जी ने अच्छे एवं समाज को दिशा देने वाले कार्य करने वाले सज्जन पुरुषों को पदम पुरस्कारों के लिए चयन करने की परम्परा प्रारम्भ की। इस कारण सुदूर उत्तर पूर्वांचल हो अथवा देश का ग्रामीण एवं जनजाति क्षेत्र हो, ऐसे क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों को अब पदम पुरस्कार मिल रहे हैं। सहसा जब पदम अवार्डी को उसके चयन होने की सूचना मिलती है, उसको भी आश्चर्य होता है। जब नंगे पैर, सामान्य सी धोती पहनकर महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कार लेने कोई महिला आती है तो देख कर देश भी विस्मित हो जाता है।

हम अनेक देशों के उदाहरण पुस्तकों एवं संस्मरणों के माध्यम से पढ़ते अथवा सुनते हैं कि वहां बड़ा दायित्व सम्हालने वाले एवं सामान्य नागरिक सभी समान हैं। वहां वी0 आई0 पी0 कल्चर नहीं है। ठीक इसके विपरीत भारत में कौन कितना बड़ा वी0 आई0 पी0 है, इसकी होड़ मची है। व्यवस्था के विपरीत सुविधा प्राप्त करना ही बड़े होने का लक्षण हो गया है। श्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वयं मेट्रो ट्रेन में चलकर इसका संदेश दिया कि हम सब देश के सेवक हैं,इस कारण सामान्य हैं। आज चेक पोस्ट एवं टोल प्लाजा पर टोल न देने के लिए संघर्ष एवं नेता के लिए ट्रेन अथवा हवाई जहाज का विलंब होना केवल कहानियां मात्र रह गई है। राजनीतिक नेतृत्व में विशेष होने के स्थान पर सामान्य होने का भाव जगना देश को दूरगामी दिशा देगा।

हम प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी के उस वाक्य को सुनते हैं कि दिल्ली से हम यदि ?1 विकास कार्य के लिए भेजते हैं तो लाभार्थी तक 15 पैसे पहुंचता हैं। देश की व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर यह उनकी कष्टदायक टिप्पणी है। ऐसी सभी बातों को सही सिद्ध करने के लिए राजनीतिक दल एवं नेता यह भी कहते हैं कि राजनीति में सब चलता है। मोदी जी ने सब चलता है इसको अस्वीकार कर जो चलने योग्य है वही चलेगा इसको स्थापित किया। भ्रष्टाचार देश का सबसे बड़ा दुश्मन है यह नहीं चलेगा इस सिद्धांत को स्थापित किया। तकनीकी का उपयोग कर आज ?1 भेजते हैं तो ?1 ही पहुंचता है यह सिद्ध किया। ष्ठ.क्चञ्ज स्कीम के लागू होने से धन की बड़ी बचत, फर्जी योजनाओं एवं गलत आंकड़ों को चिन्हित करके धन की बर्बादी को रोकना एवं लाभार्थी तक उचित लाभ पहुँचाने मे सफलता प्राप्त की है। ईमानदारी से सरकार चलाई जा सकती है एवं और अधिक प्रचंड बहुमत के साथ दोबारा बनाई भी जा सकती है यह सिद्ध किया। हम सभी लोकमान्य तिलक को गणेबोत्सव, महात्मा गांधी जी को अछुतोद्धारक के रूप में जानते हैं। इन महापुरुषों ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करते हुए भी समाज को जागृत करने के लिए समाज हित के इन उपक्रमों को प्रारंभ किया7 भविष्य में हमको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा अथवा विश्व के प्रगतिशील देशों की तुलना में आने के लिए हमारे समाज में किन गुणों की आवश्यकता है इसका अचूक मार्गदर्शन 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। उनकी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, नमामि गंगे एवं लोकप्रिय स्वच्छता अभियान इसी के उदाहरण हैं। जन्म दर से लेकर सेना एवं अंतरिक्ष तक मातृशक्ति की भागीदारी एवं सम्मान स्तुत्य है। केवल गंगा ही नहीं देश की समस्त नदियां एवं जल के प्रति हमारा उचित दृष्टिकोण देश में विकसित हुआ है। स्वच्छता अभियान का परिणाम हम सभी सर्वदूर अनुभव कर रहे हैं। सामान्य नागरिकों से लेकर छोटे बच्चों तक के मन में भारत को स्वच्छ रखना है यह जागरूकता आयी है। वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता जैसे कार्यक्रमों ने मोदी जी को 130 करोड़ लोगों का नायक बना दिया है।

भारतीय राजनीति में महिलाओं का स्थान व 33% आरक्षण की मांग

कंचना यादव

1996 में च डी देवगौड़ा की सरकार ने 12 सितम्बर 1996 को पहली बार महिला आरक्षण बिल को पेश किया, उस बिल में महिला आरक्षण की बात तो हुयी थी लेकिन उस बिल में विशेषाधिकार प्राप्त तथाकथित स्वर्ण और आम महिलाओं में कोई अंतर दिखाई नहीं दिया, लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव और शरद यादव की मांग थी की कोटे के अंदर भी कोटा हो ताकि पत्थर तोड़ने वाली और मजदूरी करके पेट पालने वाली भी संसद और विधानसभा पहुँचे। बहुजन समाज से आने वाली महिलाओं की हालात बहुजन नेता बेहतर जानते थे।

बहुत गर्व होता है जब हम यह बोलते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन अफ़सोस की बात यह है कि इसी देश की आधी आबादी का लोकतंत्र में योगदान केवल मतदान तक सीमित है। राजनीतिक भागीदारी का मतलब केवल मतदान के अधिकार तक सीमित रहना नहीं है बल्कि अन्य भागीदारी से भी सम्बंधित है जैसे निर्णय लेने की प्रक्रिया, राजनीतिक सक्रियता, राजनीतिक चेतना, आदि।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम के द्वारा प्रकाशित ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 के अनुसार, भारत में राजनीतिक सशक्तिकरण सूचकांक में 13.5 प्रतिशत अंकों की गिरावट आई है और महिला मंत्रियों की संख्या में 2019 में 23.1त्न से 2021 में 9.1त्न की गिरावट आई है। कई देशों की तुलना में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भी भारत राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में 51 वें स्थान पर है। भारतीय महिलाओं की राजनीति में भागीदारी, सूचकांक के अन्य आयामों जैसे आर्थिक भागीदारी और अवसर, शैक्षिक प्राप्ति, स्वास्थ्य और अस्तित्व से काफी बेहतर है।

मंत्री पदों पर पुरुषो की अपेक्षा महिलाओं की कम संख्या, राजनीतिक निर्णय लेने में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की कम संख्या, संसदीय पदों पर महिलाओं की कम संख्या, कुल महिलाओं में बहुजन समाज की महिलाओं की राजनीति में नगण्य भागीदारी, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए बहुत ही निंदनीय और शर्मिंदगी भरा है। 1963 से भारत में 16 महिला मुख्यमंत्री रह चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की थीं। कुल 28 राज्यों में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी भारत की एकमात्र मौजूदा महिला मुख्यमंत्री हैं। भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित 53 मंत्री हैं, 23 कैबिनेट मंत्री, 9 स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 21 राज्य मंत्री हैं। 53 मंत्रियों में से 52 भाजपा के हैं जबकि एडी (एस) के पास 1 मंत्री है। योगी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद उत्तर प्रदेश में अब महिलाओं की भागीदारी घटकर चार के आस पास हो गई है। उत्तर प्रदेश में आने वाले आगामी चुनाव को देखते हुए बीजेपी के दूसरे कार्यकाल के पहले कैबिनेट फेरबदल में महिलाओं की संख्या बढ़ाकर 11 की गयी। लेकिन फिर वही सवाल खड़ा होता है कि मंत्री परिषद में सिर्फ11 महिलाएँ? और चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कब तक मंत्री परिषद् में महिलाओं की संख्या घटाई बढ़ाई जाएगी?

उच्च पदों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है, विशेष रूप से, राज्य स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व संस्थागत शक्ति और निर्णय लेने वाली महत्त्वपूर्ण सीटों पर नगण्य है। द्धत्तष्ट ने 30 मार्च 2021 तक अपनी वेबसाइटों से राज्य सरकार के नेतृत्व की संरचना पर डेटा एकत्र किया है। भारत के छह राज्यों में नागालैंड, सिक्किम और मणिपुर सहित कोई महिला मंत्री नहीं हैं। कोई भी राज्य एक तिहाई महिला मंत्रियों के करीब नहीं आता है, महिला मंत्रियों का उच्चतम अनुपात 13त्न तमिलनाडु में है। सारे राज्यों में मतदान केंद्रों के बाहर महिलाएँ अपना मत डालने के लिए कतार में रहती हैं, लेकिन भारत के कानून बनाने वाले निकायों में महिला सांसदों की संख्या इतना कम क्यों हैं? भारत में कार्यकारी सरकार और संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पूर्ण संख्या में और साथ ही विश्व स्तर पर बेहद कम है। स्वतंत्रता के बाद के पूरे युग में केवल एक छोटी-सी प्रगति देखी गई है। पहली लोकसभा (1952) और सत्रहवीं लोकसभा (2019) के बीच महिलाओं का प्रतिनिधित्व 4.4 प्रतिशत से बढ़कर 14.4 प्रतिशत हो गया है। स्वतंत्रता के बाद की पूरी अवधि के दौरान राज्य सभा (उच्च सदन) में भी महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व की इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई है जो की एक विषम आंकड़े का प्रतिनिधित्व करता है, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के अनुरूप नहीं है।

1975 में जब इंदिरा गाँधी प्रधानमंत्री पद पर थी, उसी वक़्त एक रिपोर्ट आयी थी जिसका नाम था 'समानता की ओर' इस रिपोर्ट में यह बताया गया था कि व्यवस्था के हर क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रसाशनिक, धार्मिक, तकनीकी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे पर महिलाओं की स्थिति नगण्य है और इसी में सबसे पहले महिला आरक्षण पर भी बात की गयी थी। दुर्भाग्य की बात थी कि रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकतर सदस्य महिलाओं के आरक्षण के खिलाफथे, इसी वज़ह से ÷समानता की ओर÷ रिपोर्ट में महिलाओं के आरक्षण का मुद्दा लगभग समाप्त हो गया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रिय सखा गणपति

प्रिय सखा गणपति माँ पार्वती के लाल सज धज आन विराजे हुए धन्य हुए निहाल ऋद्धि सिद्धि प्राण वल्लभ सर्व काज सुलभ सखा विजय अजय अपराजित गज रूप बुद्धि शिखा सर्व विघ्न शांत हो अब हो प्राप्त अब शुभ शेष सर्व पाप नष्ट हो जाए कृपा ग़र हो तुम्हारी विशेष हों विरोधी परास्त सभी क्लेश कष्ट निवारण कीजे कटुता को मधुर बना दो बुद्धि प्रेम सुमति अब दीजे।

– डॉ मेनका त्रिपाठी

सुहागिनों के लिए

सुहागिनों के लिए जरूरी जैसे माथे की बिंदी वैसे ही मेरे देश की भाषा बने जरूरी ही हिंदी एक राष्ट्र और एक ध्वज तले इतराते लगतेअच्छे जाति-धर्म का तोड़के बंधन, बोलो सारे ही हिंदी।

– जे डी कुदाल

ख़ास पाती | एक प्रश्न! वह एक महिला

एक प्रश्न! वह एक महिला है पारंपरिक परिधानों मसलन सलवार-कमीज और साड़ी में लिपटी हुई किन्तु आत्मनिर्भर है परिचित है साहित्य और विज्ञान से बैंकिंग से कम्प्यूटर तक अपने हर कार्य को अंजाम दे सकती है जिंदगी के अहम फैसले स्वयं लेती है और वाकिफहै अपने मत मूल्यों से कर्तव्यों के प्रति जागरूक है और अधिकारों के प्रति सजग वैश्वीकरण के बदलते परिवेश में तालमेल बैठाने में सक्षम क्या वह आधुनिक महिला नहीं ? क्या आधुनिकता महज पहनावे तक सीमित है ? – प्रियंका प्रियदर्शनी

मैं मिलती हूँ तुमसे सारी



मैं मिलती हूँ तुमसे सारी दुनिया से नजर चुरा के दुनियादारी से दूरी बना के अपने आप को खत्म करके तुम समझ नहीं पाते मेरा इस तरह मिलना अपना सम्मान खो देना तुम्हारा विश्वास बनाये रखने के लिए सबका विश्वास खो देना तुम समझ नहीं पाते अपने ही लोगों से दूरी बना लेना तुम सहित दुनिया के ताने उलाहने सुनना मेरे दिल का दर्द मेरी भीगी आँखे तुम समझ नहीं पाए मेरा सम्मान, मेरा विश्वास मेरी परेशानी, मेरी मजबूरी प्यार करते तो शायद समझते प्यार करते तो शायद समझ पाते। –डॉ अर्चना खण्डेलवाल

उम्र के साथ-साथ मुझमें आती जा

उम्र के साथ-साथ मुझमें आती जा रही हैं पापा की सी आदतें! जैसे चुपचाप अकेले चुप से लेटे रहना! दर्द होने पर बिन बोले दवाई हलक से उतार लेना! अलसुबह उठ अपने आप से बातें करना! सुबह की धूप और हवाओं में खुद को तलाशना! और कभी कभी तो एकदम से चुप हो जाना! मानो अपना अस्तित्व समेटने की कोशिश चल रही हो!

– सरिता खोवाला

जबसे मन में प्रभु आप बसे रटती

जबसे मन में प्रभु आप बसे। रटती रहती रसना तबसे।। मनभावन माधव मोहन हे! जगपालक साथ सदैव रहे।। तुम जीवन प्राण तुम्ही अपने। तुमसे मधुमास खिले सपने। अनुराग सदा हिय में भरते। प्रिय मोद-विनोद किया करते। मनमोहन की मुरली बनके। नित संग रहूँ कर में उनके। हर श्वास कहे जय केशव की। वृषभानुलली ब्रजनंदन की।

–शुभा शुक्ला मिश्रा 'अधर'

टूटा हुआ फूल खुशबू दे जाता

टूटा हुआ फूल खुशबू दे जाता है.. बिता हुआ पल यादें दे जाता है , हर शख्स का अपना अंदाज होता है , कोई जिन्दगी से प्यार ... तो कोई प्यार में जिन्दगी दे जाता है।

– सुनित लाहीरी

मनोभाव को खोलो विविधताओं

मनोभाव को खोलो विविधताओं को जोड़ो । बिंदिया की चमक बोले होंठों की प्यास छोड़ो । अभिव्यक्ति की साज में अंग्रेजी को मत घोलो । सरकारी घोषणा हुई आज सब हिंदी बोलो ।

– सुरेश वैष्णव

हम हिन्दी के भविष्य की चिंता तो

हम हिन्दी के भविष्य की चिंता तो खूब करते हैं लेकिन कभी यह नहीं सोचते कि हिन्दी का भविष्य हमसे नहीं, हमारे बच्चों से बनेगा... अफसोस, उनकी हिन्दी अच्छी हो इस ओर हम ध्यान नहीं दे रहे हैं. हमारे बच्चे तो हिन्दी में सौ तक गिनती भी नहीं बोल सकते. हम तो बस उन्हें अंग्रेजी में मास्टर बनाने पर तुले हैं, ऐसे में हिन्दी का भविष्य कैसे अच्छा हो सकता है..?

– अनिल पाण्डेय

QUIZ TIME

1) 'अस्वस्थ होना' के लिए छत्तीसगढ़ी मुहावरा है-
2) छत्तीसगढ़ी शब्द 'टेटका' का अर्थ क्या है?
3) छत्तीसगढ़ का कैन्सर चिकित्सा केन्द्र कब प्रारम्भ हुआ था?
4) केन्दई जलप्रपात छत्तीसगढ़ के किस जिले में स्थित है?
5) अभिनेत्री एवं मॉडल का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कुरिया धरना (2) गिरगिट (3) 1973 (4) कोरबा (5) वेगा तमोटिया

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1598 नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की। 1761 कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया। 1778 अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली संधि (फोर्ट पिट) पर हस्ताक्षर किये गये। 1828 क्यूशू, जापान में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए थे। 1914 एंड्रयू फिशर तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने। 1934 तत्कालीन सोवियन रूस लीग ऑफ नेशनंस में शामिल हुआ। 1941 न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया। 1949 द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई। 1950 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म। 1956 भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ। 1956 ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ। 1956 नॉर्मन बकले ने अपने मोटरबोट में विश्व जल गति रिकॉर्ड को तोड़ा। 1957 मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ। 1974 बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए। 1976 नासा ने सार्वजनिक रूप से अपने पहले स्पेस शटल का खुलासा किया। 1988 दक्षिण कोरिया के सोल में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन हुआ। 2004 यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया। 2011 न्यूयॉर्क के जुकोट्टी पार्क में वॉल स्ट्रीट घेरो आंदोलन की शुरूआत। 2014 चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग व्यापार संबंधों में सुधार के लिए भारत यात्रा पर आये। 2016 न्यूयॉर्क के चेल्सी में आतंक बम से 29 घायल हुए।

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे रणबीर कपूर!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रणबीर कपूर जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि वह इरोज नाउ के साथ काम करेंगे, जिसका टाइटल 'ऐसा वैसा प्यार' होने वाला है। इस फिल्म में चार अलग-अलग तरह की लव स्टोरीज दिखायी जायेगी। यदि सबकुछ सही रहा तो रणबीर इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं।

रणबीर, आलिया भट्ट के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र में जल्द नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ महानायक अमिताभ बच्चन भी हैं। इसके अलावा रणबीर कपूर श्रद्धा कपूर के साथ लव रंजन की फिल्म में भी नजर आएंगे।

गेमिंग प्लेटफॉर्म क्विजबी ने कनोडिया ग्रुप से जुटाया फंड

नई दिल्ली (वार्ता)। रियल-मनी गेमिंग एप्लीकेशन लॉन्च करने वाले ऑनलाइन गेमिंग स्टार्टअप क्विजबी ने कनोडिया ग्रुप से अघोषित फंड जुटाये हैं।

क्विजबी ने घोषणा की है कि उसने कनोडिया ग्रुप के नेतृत्व में प्री-सीड फंडिंग के माध्यम से पूंजी जुटाई है। हालांकि अभी यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई कि इस तरीके से कितनी फंडिंग का इंतजाम किया गया है। कनोडिया ग्रुप पिछले 30 वर्षों से सीमेंट उद्योग में काम कर रहा है। कनोडिया ग्रुप ने हमेशा क्विजबी जैसे नए और अनूठे स्टार्टअप का समर्थन किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस फंड का इस्तेमाल यूजर के अनुकूल बेहतर अनुभव के लिए और एजुकेशन गेमिंग प्लेटफॉर्म- क्विजबी के समग्र विकास एवं विपणन में तकनीकी प्रगति के लिए किया जाएगा। उसका लक्ष्य आने वाले वर्ष में 10 लाख से अधिक डेली एक्टिव यूजर बेस के साथ एक करोड़ यूजर तक पहुंचना है।

उसने कहा कि यह खास तौर पर उन लोगों के लिए है, जिन्हें क्विजिंग गेम्स बहुत पसंद है। क्विजबी का फोकस कंपेटिटिव मल्टीप्लेयर गेमिंग एक्सपेरिएंस पर है। साथ ही यह स्टार्टअप नॉलेज-बेस्ड गेमिंग एक्सपेरिएंस को मिशन बनाकर चल रहा है। इसके तहत यूजर को नॉलेज के आधार पर पुरस्कार भी दिए जाते हैं। यह प्लेटफॉर्म यूजर को अन्य खिलाड़ियों के साथ लाइव कंपीट करने की सुविधा देता है। क्विजबी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहाँ लोग शैक्षणिक विषयों, खेल और यहां तक कि सिनेमा जगत से संबंधित ज्ञान का इस्तेमाल मनोरंजन और पुरस्कार जीतने के लिए कर सकते हैं। इंटेलिजेंस गेम प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अमित खेतान ने कहा कि, ÷हम सभी जानते हैं कि शैक्षणिक क्षेत्र में बहुत कम रियल मनी गेमिंग एप्लीकेशन हैं। हम यह खाली स्थान भरने का इरादा रखते हैं, और हमारा लक्ष्य एक ऐसी गेम बनाने का है जो आकस्मिक और गंभीर गेमर्स, दोनों को बेहतर बनाता है और उनका ज्ञान भी बढ़ाता है। इस तरह क्विजबी ने अन्य ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर स्पष्ट बढ़त बना ली है।

मिस्टर इंडिया रह चुके मनोज पाटिल ने की आत्महत्या की कोशिश

नई दिल्ली। मिस्टर इंडिया रह चुके बॉडी बिल्डर और मॉडल मनोज पाटिल ने मुंबई में सुसाइड की कोशिश की है। पुलिस के अनुसार, मनोज ने गुरुवार की सुबह ओशिवारा स्थित अपने घर में नींद की गोलियां खाकर जान देने की कोशिश किया है। मनोज अभी मुंबई के कूपर अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि वह खतरे से बाहर हैं। मनोज पाटिल ने सुसाइड नोट लिखकर अपने आत्महत्या के पिछे अभिनेता साहिल खान को जिम्मेदार बताया है।

मिली खबर के अनुसार, पुलिस के हाथ मॉडल मनोज पाटिल का जो सुसाइड नोट हाथ लगा है, उसमें उन्होंने अभिनेता साहिल खान पर एक के बाद एक कई गंभीर आरोप भी लगाते हुए लिखा है कि साहिल उन्हें बीते कई सालों से साइबर बुलिंग और मानसिक रूप से परेशान कर रहे है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाटिल के परिवार ने ओशिवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

50 ओवर के पारंपरिक टूर्नामेंट के रूप में वापसी करेगी ढाका प्रीमियर लीग

ढाका (वार्ता)। ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) आगामी संस्करण से अपने 50 ओवर के पारंपरिक टूर्नामेंट के रूप में वापसी करेगी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। देश में कोरोना के प्रकोप से लड़ने के लिए अपनाए गए उपायों का अनुपालन करते हुए सिर्फएक दौर के मैचों के पूरा होने के बाद डीपीएल के 2019-20 सीजन को पिछले साल 19 मार्च को स्थगित कर दिया गया था। दरअसल बीसीबी ने अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए संस्करण को रद्द करने और इसे फिर से टी-20 प्रारूप में शुरू करने का फैसला किया था।

ढाका स्थित बीसीबी मुख्यालय में ढाका महानगरीय क्रिकेट समिति (सीसीडीएम) की बैठक के बाद टूर्नामेंट को पूरा करने की जिम्मेदारी संभालने वाली सीसीडीएम के अध्यक्ष काजी इनाम अहमद ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ÷ निश्चित रूप से डीपीएल 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। पिछले साल हमारे पास बहुत कम समय था और एक दिन में हमने तीन से चार मैच खेले जो आमतौर पर नहीं होता है। डीपीएल हमारा मुख्य लिस्ट ए टूर्नामेंट है और इसके साथ परंपरा भी जुड़ी हुई है, इसलिए स्वाभाविक रूप से डीपीएल का अगला संस्करण 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
PH.NO., 0771-4045819,
E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 199/2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड 42, महादेव घाट रोड स्थित भवन/भूमि/एफ-00163 जो कि निगम अभिलेख में स्वतंत्र कुमार सूद पिता श्री रूद्राराम सूद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री देवी सहाय अग्रवाल पिता श्री रामचरण अग्रवाल ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कंटेनर की कीमत में 37 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी



नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना महामारी के कारण वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से देश में कंटेनर की कीमत में 37 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म कंटेनर एक्सचेंज की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति प्रभावित होने से इस वर्ष मई के मुकाबले सितंबर में भारत में 20 फुट वाले ड्राइ कंटेनर की कीमत में 18 प्रतिशत और 40 फुट वाले ड्राइ कंटेनर के दाम में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष मई में 20 फुट वाले ड्राइ केंटेनर की कीमत 2078 डॉलर थी जो सितंबर में बढ़कर 2462 डॉलर यानी एक लाख 81 हजार 320 रुपये हो गई है। इसी अवधि में 40 फुट वाले ड्राइ कंटेनर के दाम 3041.84 डॉलर (224024 रुपये) से बढ़कर 4193.75 डॉलर यानी 308859 रुपये हो गया है। कोरोना महामारी से पूर्व 20 फुट ड्राइ कंटेनर के दाम 1000 डॉलर और 40 फुट वाले कंटेनर की कीमत 2000 डॉलर रही थी। कंटेनर एक्सचेंज का कंटेनर उपलब्धता सूचकांक (सीएएक्स) दर्शाता है कि चेन्नई बंदरगाह पर इनबाउंड कंटेनर वर्ष 2019 के बाद से लगभग उच्चतम स्तर पर हैं। वहीं, भारत में अन्य बंदरगाह पर इनबाउंड और आउटबाउंड कंटेनरों के बीच भारी असंतुलन का संकेत देते हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
PH.NO., 0771-4045819,
E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 198/2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड 42, महादेव घाट रोड स्थित भवन/भूमि/आरपीआर 566ए, 00019 जो कि निगम अभिलेख में शशिकांत पाण्डेय पिता शिवभूषण पाण्डेय के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती नीलम पाण्डेय पति संजय पाण्डेय ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र. 3
शंकर नगर, पानी टंकी के नीचे
E-MAIL :- nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 137/2021-22
वार्ड का नाम - महात्मा गांधी वार्ड - 12

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी वार्ड 12 स्थित भवन/भूमि/218 नया, ई/298, लोधीपारा जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती कमलादेवी पति अवध नारायण त्रिपाठी के नाम से दर्ज है, जिसको कमल कुमार त्रिपाठी, राजीव कुमार, संजीव कुमार, राजकुमार, श्रीमती उषा देवी पाण्डेय, श्रीमती अंजली देवी मिश्रा ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक : 14.9.2021

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र. 3
शंकर नगर, पानी टंकी के नीचे
E-MAIL :- nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 138/2021-22
वार्ड का नाम - महात्मा गांधी वार्ड - 12

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी वार्ड 12 स्थित भवन/भूमि/47, शाप नं., श्याम स्केयर, पंडरी जो कि निगम अभिलेख में श्री जय कुमार माखिजा पिता श्री रमेश कुमार माखिजा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मनीषा देवी माखिजा पति आनंद कुमार माखिजा ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक : 14.9.2021

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, (जोन-4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी, मोतीबाग चौक

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 202/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 स्थित भवन/ भूमि 57/एल.आई.जी. 18, कटोरा तालाब जो कि निगम अभिलेख में कु. गीता ज्ञानचंदानी पिता स्व. कन्हैयालाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती डी. अनुराधा पति श्री डी. लक्ष्मण राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

सील

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक- 04
नगर पालिक निगम, रायपुर

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MUKESH KUMAR DEWANGAN S/O SURAJ PRASAD DEWANGAN निवासी A-130,PHASE-02, SURYA VIHAR JUNWANI, MOTILAL NEHRU NAGAR BHILAI DIST DURG (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MUKESH DEWANGAN S/O SURAJ PRASAD DEWANGAN रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MUKESH DEWANGAN S/O SURAJ PRASAD DEWANGAN से ही जाना पहचाना जावे।

MUKESH DEWANGAN
A-130,PHASE-02, SURYA VIHAR JUNWANI, MOTILAL NEHRU NAGAR BHILAI DIST DURG (C.G)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMED ASHIF S/O JAYPAL DONGRE निवासी H.NO.- 121, WARD NO.-22, CAMP-1, SUNDER NAGAR, BHILAI, DIST-DURG, (C.G) PIN-490023 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMAD ASHIF SIDDIQI S/O JAYPAL DONGRE रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMAD ASHIF SIDDIQI S/O JAYPAL DONGRE से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMAD ASHIF SIDDIQI
H.NO.- 121, WARD NO.-22, CAMP-1, SUNDER NAGAR, BHILAI, DIST-DURG, (C.G) PIN-490023

शेयर बाजार का नया रिकार्ड

मुंबई (वार्ता)। सरकार के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन पैकेज से उत्साहित निवेशकों की ऑटो समूह के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंकिंग जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल आज घरेलू शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 59 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 59160.47 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। निफ्टी भी लिवाली के बल पर 17600 अंक के स्तर को पार करते हुये 17621.65 अंक के स्तर को छुआ। सेंसेक्स 159 अंकों की तेजी के साथ 58881.04 अंक पर खुला और शुरूआती कोराबार में ही 58700 अंक के निचले स्तर तक टूटा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर दोपहर के बाद 59 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 58178.61 अंक के अब तक रिकार्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अभी यह 434.41 अंकों की बढ़त के साथ 59157.61 अंक पर कारोबार कर रहा है।

Chola Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालयः प्रथम तल 'डेयर हाऊस नं. 02, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001.
शाखा कार्यालयः चौहान स्टेट, प्लाजा, शॉप नं. 245-246, द्वितीय तल, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़-490023.

नियम 8(1) के तहत कब्जा सूचना

जबकि मे. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, अधोहस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 के तहत इसके पश्चात अधिनियम कहा जाएगा तथा 13(12) के तहत सुरक्षा ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पढ़ा जाए के तहत कर्जदारों को कॉल करते हुए सुरक्षा अधिकारी का उपयोग करके डिमांड नोटिस जारी किया, जिनके नाम कॉलम बी में विनिर्दिष्ट तारीखों के नीचे कॉलम सी में दिए गए हैं उन्हें कॉलम डी में दी गई बकाया राशि नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर ब्याज सहित चुकानी है।
कर्जदार के राशि चुकाने में नाकाम रहने पर, यह नोटिस विशेष रूप से कर्जदारों को और सामान्य रूप से सार्वजनिक तौर पर दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी के अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 9 के साथ पढ़ा जाए उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसके साथ यहां कॉलम एफ में उल्लेखित नीचे दी गई संबंधित तारीखों पर कॉलम ई में वर्णित कम्पनी के पास गिरवी रखी गई संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदारों को और सामान्य रूप से आम जनता को सावधान किया जाता है कि नीचे कॉलम ई में उल्लिखित संपत्तियों का सौदा न किया जाए और ऐसा कोई भी सौदा कॉलम डी में ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ वर्णित राशि के लिए मे. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के तहत होगा।
प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(8) के तहत कर्जदार बिक्री की अधिसूचना से पहले सभी लागत, शुल्कों और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करके सुरक्षित परिसंपत्ति का भुगतान कर सकते हैं।

क्र.	कर्जदार का नाम/ ऋण खाता सं. एवं पता	मांग सूचना की तिथि	बकाया राशि	कब्जे की संपत्ति का विवरण	कब्जे की तिथि
ए	बी	सी	डी	ई	एफ
1.	ऋण खाता संख्या- X0HELAI00001979972. कर्जदार एवं सह कर्जदार 1. सन्नी शुक्ला, 2. शालिनी शुक्ला, दोनों का निवास- प्लॉट नं. 131-ए, गली नं. 29, स्मृति नगर, जुनवानी, भिलाई, दुर्ग-490023. 3. मेसर्स नाहर इन्फोसोल्यूशन 246,247,270,271, चौहान स्टेट, जीई रोड, सुपेला, दुर्ग-490023.	31.05.2021	₹ 31,15,673.56/- 31.05.2021 को	निवास- गली नं. 29, प्लॉट नं. 131/ए, स्मृति नगर, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग छ.ग. संपत्ति के संबंध में शॉप नं. 246 व 247 क्षेत्रफल- 21.7 X 20.8 = 446 वर्गफिट या 41.44 वर्गमीटर, मौजा- चौहान स्टेट, शिवनाथ कॉम्प्लेक्स, वाणिज्यिक योजना, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) में स्थित संपत्ति के समस्त भाग व अंश। विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दीः उत्तर- शॉप नं. 245, दक्षिण- शॉप नं. 248, पूर्व- बरामदा, पश्चिम- शॉप नं. 270 व 271.	14.09.2021

दिनांकः 17.09.2021, स्थानः दुर्ग
प्राधिकृत अधिकारी/ चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं.लिमि.

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर
कामर्शियल कॉम्पलेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No. 9685585693 Email ID - emzoneii@yahoo.com

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भू-खण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं सम संख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 तथा आदेश क्रमांक 12 दिनांक 01.05.2012 एवं आदेश क्रमांक 01 दिनांक 04.01.2021 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्नलिखित हितग्राहियों के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भू-खण्ड क्रमांक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा आबंटित है को फ्री-होल्ड करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

क्रमांक	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक	कॉलोनी का नाम
1.	श्रीमती मीरा शर्मा	श्री अनूप कुमार शर्मा	एल.आई.जी.- 332	सड्डू, रायपुर
2.	श्री शैलेश कुमार दास	स्व. श्री राजेन्द्र दास	एल.आई.जी. - 1440	सड्डू, रायपुर
3.	श्रीमती स्नेहलता तिवारी	श्री अरूण प्रकाश तिवारी	अटल आवास- 239	धनसुली रायपुर
4.	श्री संजय जंघेल	स्व. श्री बालाराम जंघेल	अटल आवास - 211	धनसुली रायपुर
5.	श्री पुरुषोत्तम पतवार	श्री एम.पी. पतवार	एल.आई.जी. - 20	पिरदा रायपुर
6.	श्रीमती सकुन्तला साहू	श्री कार्तिक राम साहू	एल.आई.जी. - 83	पिरदा रायपुर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

मददगार प्लेटफार्म वाहन ने जुटाए 80 लाख डॉलर

नई दिल्ली (वार्ता)। ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए रोजगार एवं आजीविका की व्यवस्था में मददगार प्लेटफॉर्म वाहन ने सिलिकॉन वैली के निवेशक खोसला वेंचर्स के नेतृत्व में अपनी सीरीज ए राउंड ऑफ फंडिंग में 80 लाख डॉलर जुटाए हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस राउंड में एयरटेल, शक्ति वीसी (एरिक श्मित और माइकल डेल के साथ एलपी के रूप में पूर्व गूगल के एक्जीक्यूटिव केवल देसाई की अगुवाई में), पायनियर फंड (वाई कॉम्बिनेटर एलुमनी फंड) और अन्य ने हिस्सा लिया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर
जिला - बीजापुर (छ.ग.)

क्रमांक/1035/न.पा.परि./2021-22 बीजापुर, दिनांक 08.09.2021

-: मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना :-

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद बीजापुर द्वारा निम्नांकित कार्यों के लिए निविदा दरें पंजीकृत डाक द्वारा सक्षम श्रेणी अधिकृत विक्रेता/ठेकेदारों/फर्मों व अन्य से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : 28.09.2021 शाम 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय : 30.09.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय : 30.09.2021 शाम 4.00 बजे तक

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि
01	स्टेडियम रेनोवेशन कार्य कोकड़ापारा स्टेडियम बीजापुर वार्ड क्र. 03	10.95	8220/-

नोट - उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें। नगर पालिका करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग
(भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1, जगदलपुर
निविदा आमंत्रण सूचना
प्रथम आमंत्रण

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/4727/19/वलेलि/2021-22 जगदलपुर दिनांक 14.09.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा क्र.	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	कार्य का नाम
1	2	3	4
1	T0116	50.00	B.T. Patch Repair work on Various roads under sub div.no. 1 Jagdalpur

नोट :-
निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.10.2021
उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।
ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र.1 जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) उ.ब. संभाग क्र. 1
जगदलपुर

जी-63695/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
"ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना"
e-procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 82257/निविदा सूचना क्रमांक 02/वलेलि/2021-22, कसडोल, दिनांक 14.09.2021

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.10.2021 समय 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम : बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखंड पलारी की तेलासी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य, 02 नग हेड स्लूस एवं वियर का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य तथा 02 नग सुपर पेसेज का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत : रुपये 264.51 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.09.2021 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, कसडोल
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-63673/4

नपा अध्यक्ष शर्मा ने अपने जन्मदिवस पर हरीतिमा टीम के साथ किया वृक्षारोपण

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋष शर्मा ने अपने जन्मदिवस की शुरुवात हरीतिमा टीम के साथ वृक्षारोपण कर किया।

नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने हरितिमा टीम के साथ लोहारा मार्ग बिजली ऑफिस के बाजू में छायादार पौधा लगाकर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया। उन्होंने पौधा रोपण कर हरियाली का संदेश दिया तथा हरितिमा टीम को अपने जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण के लिए बधाई व धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि शहर को हरा भरा बनाने के लिए आपके टीम द्वारा बनाये गए कार्ययोजना को सफल बनाने के लिए पालिका टीम आप सभी के साथ रहेंगे।

आप सभी के सहयोग से नगर पालिका टीम बड़े शहरों की तर्ज पर शहर के सभी मुख्य मार्ग में कदम, नीम व अन्य छायादार वृक्षारोपण कर शहर को हरा भरा बनाएंगे।

वृक्षारोपण अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे के साथ हरीतिमा टीम के सदस्य गण उपस्थित रहे।

आफत की बारिश में राहत की छांव

- **अतिवृष्टि से प्रभावित रहवासियों को मिला जिला प्रशासन का साथ**
- **स्थानीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों में भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था**

गरियाबंद । जिले में बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण प्रभावित लोगों को जिला प्रशासन द्वारा त्वरित राहत देते हुए उनके रहने और भोजन की व्यवस्था की गई। जिसे लोगों ने राहत की सांस ली। एक तरफ अतिवृष्टि के कारण जहां बाढ़ की स्थिति बनी हुई थी। वहीं नदी और तटीय इलाकों में कई लोग फंसे हुए थे। जिला प्रशासन द्वारा टीम गठित कर 6 जगह पर फंसे 18 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है।

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर के मार्गदर्शन में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए स्थानीय पंचायतों एवं गरियाबंद के मंगल भवन में रहने और भोजन की त्वरित व्यवस्था की गई। स्थानीय मंगल भवन में राहत कैंप में रहने आयी गरियाबंद की गायत्री बाई डोंगरे अपनी माँ, भाई और बेटी के साथ है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बारिश से उनका मकान गिर गया है। यहां आकर वह सुरक्षित महसूस कर रही है। इसी तरह वार्ड-11 की दुलेशिया बाई अपनी नातिन के साथ रहने आयी हैं। यहां जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था वह संतुष्ट दिखाई दी। कुमारी साहनी और 85 साल की प्रेमबति भी इस राहत कैम्प में आकर सुरक्षित है। उन्होंने यहां भोजन, नाश्ता और अन्य व्यवस्थाओं को सराहा है। कलेक्टर ने स्वयं इस कैम्प का अवलोकन कर प्रभावितों से बातचीत की है। उन्हें विश्वास दिलाया है कि जिला प्रशासन इस आसन्न संकट में उनके साथ खड़ी है। गरियाबंद नगरीय निकाय अंतर्गत मंगल भवन में 35 परिवार के 135 सदस्यों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। पाण्डुका के सरपंच दुजेश्वर ठाकुर द्वारा यात्रा के दौरान फंसे यात्रियों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई। कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रभावित लोगों को पंचायत में ठहराकर भोजन दिया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर राहत और बचाव दल रात्रि में भी इन इलाकों में डटे रहे। इस भीषण बाढ़ से जनहानि रोकने में सफलता मिली लेकिन 2 पशुधन की हानि हुई है। साथ ही 403 मकान क्षतिग्रस्त हुए है, वही 322 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल क्षति हुई है। सबसे ज्यादा गरियाबंद तहसील में 192 हेक्टेयर, राजिम ने 80 हेक्टेयर और छुरा में 50 हेक्टेयर फसल क्षति का आंकलन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा शासन के दिशा-निर्देश अनुसार सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 15 सितम्बर को गरियाबंद तहसील में 83.1 मि.मी.वर्षा, राजिम तहसील में 14 मि.मी., छुरा में 9.5 मि.मी. वर्षा, मैनपुर में 35.2 मि.मी. और देवभोग तहसील में 2.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

महानदी का महारूप...

अंतर्गत महानदी किनारे स्थित पोरथ में महादेव मंदिर बारिश में पूरी तरह से डूब गया। छत्तीसगढ़ के महानदी में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए ओड़िशा सरकार अलर्ट हो गई। संबलपुर में स्थित हीराकुंड डैम के चार गेट खोल दिए गए। इससे रायगढ़ व जांजगीर चांपा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर धीरे धीरे कम होने लगा। सभी जिलों में प्रशासन ने नदी किनारे के लोगों को सतर्क रहने कहा है।

3 गांव के 193 लोगों ...

नहीं है। प्रशासन की टीम राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई है। आपातकालीन स्थिति में जरूरत पड़ने पर पास के पंचधार, सरिया, सांकरा और बोंदा में भी राहत कैम्प शुरू करने की तैयारी की गयी है साथ ही होम गार्ड की टीम भी मोटर बोट के साथ भेजी गयी है। इसी प्रकार पुसौर तहसील के सूरजगढ़ के नीचेपारा में भी पानी आने के कारण वहां निवास करने वाले 126 लोगों को सूरजगढ़ के ऊपर पारा स्थित सामुदायिक भवन में राहत कैम्प बनाकर शिफ्ट किया गया है। सारंगढ़ के कलमा बैराज में जलस्तर खतरे के निशान से 1.97 मीटर नीचे है। बैराज के सभी 66 गेट खुले हुए हैं। हीराकुद डैम के 28 गेट भी खुले हुए हैं। इससे जलस्तर में कमी आने की संभावना

प्रदेश में अब तक...

1008.9 मिमी, कोरिया में 953.8 मिमी, रायपुर में 885.1 मिमी, बलौदाबाजार में 936.7 मिमी, गरियाबंद में 997.4 मिमी, महासमुंद में 868.3 मिमी, धमतरी में 962.1 मिमी, बिलासपुर में 1032.6 मिमी, मुंगेली में 999.1 मिमी, रायगढ़ में 880.9 मिमी, जांजगीर चांपा में 1025.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1302.1 दुर्ग में 970.1 मिमी, राजनांदगांव में 882.6 मिमी, बालोद में 845.8 मिमी, बेमेतरा में 1116.3 मिमी, बस्तर में 1025.1 मिमी, कोण्डागांव में 1000.5 मिमी, कांकेर में 967 मिमी, नारायणपुर में 1166.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 1101 मिमी,सुकमा में 1337.9 मिमी, और बीजापुर में 1138.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

जीपीएम के कई ...

मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। पेंड्रा से बिलासपुर जाने वाले तीन रास्तों में से केवल एक पर आवागमन शुरू हो सका है।

बांगो बांध के...

गए पानी को मिलाकर आज दोपहर को बांध से लगभग 24 हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया है। इस पानी के देर रात तक हसदेव बॅराज दर्री तक पहुंचने की संभावना है। पहले ही दर्री बॅराज के दो गेट खोलकर पानी नदी पर छोड़ा गया है।

'मैं वापस आ रहा हूं'...

जाने पर योगी ने कहा, ''अखिलेश को गिनती नहीं आती है। उन्होंने या तो ट्विटर देखा होगा या फिर उनकी टीम के सर्वे में यह बताया गया होगा कि वह 400 सीटों पर पीछे चल रहे हैं। अखिलेश जिस तरह से बात करते हैं उससे उनकी हताशा जाहिर होती है। वह अधिकारियों को धमका रहे हैं लेकिन जनता उन्हें जवाब देने के लिए तैयार है।

गांजा और अवैध...

है कि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले मार्गों में चेकपोस्ट लगाकर पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल तैनात करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाएं। डीजीपी ने निर्देश दिये हैं कि सभी एसपी अपने जिले में गांजा व अन्य मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, विक्रय, अवैध परिवहन एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना सुनिश्चित करें।

एनसीआरबी रिपोर्ट ...

आदिवासियों के खिलाफ बढ़े अपराध

एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के प्रति अपराध भी बढ़ा है। साल 2018 में 388, साल 2019 में 427, साल 2020 में 502 मामले ऐसे दर्ज किए गए हैं। साल 2018 के मुकाबले साल 2020 में अनुसूचित जाति के खिलाफ भी आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। इन घटनाओं से संबंधित साल 2018 में 264, साल 2019 में 341, साल 2020 में 316 केस दर्ज किए गए हैं।

हर तरह के अपराध में चौंकाने वाले आंकड़े

एनसीआरब 2020 के रिकॉर्ड के मुताबिक प्रदेश में अलग-अलग धाराओं में दर्ज अपराध में भी इजाफा हुआ है। छत्तीसगढ़ में दर्ज सभी तरह के आपराधिक मामलों देखें तो, साल 2018 में 98233, साल 2019 में 96561, साल 2020 में 103173 केस दर्ज किए गए हैं। साल 2020 के बढ़े हुए आंकड़ा पर गौर करें तो अपराध की संख्या साफ बता रहा है, छत्तीसगढ़ किन हालातों से गुजर रहा है।

ये है देश का हाल- रोजाना रेप 77, हत्याएं 80

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़े बताते हैं कि देश में 2020 में हत्याओं में इजाफा हुआ है। हालांकि, 2019 की तुलना में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में कुछ कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बलात्कार के सबसे ज्यादा मामले राजस्थान में दर्ज किए गए।

वहीं, 19 मेट्रो शहरों में अपराध की सूची में लगातार दूसरे वर्ष राजधानी दिल्ली सबसे ऊपर रही। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक हत्याएं हुईं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, पूरे देश में 2020 में बलात्कार के प्रतिदिन औसतन करीब 77 मामले दर्ज किए गए।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले एनसीआरबी ने कहा कि पिछले साल पूरे देश में महिलाओं के विरूद्ध अपराध के कुल 3,71,503 मामले दर्ज किए गए जो 2019 में 4,05,326 थे और 2018 में 3,78,236 थे।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में महिलाओं के विरूद्ध अपराध के मामलों में से 28,046 बलात्कार की घटनाएं थी जिनमें 28,153 पीड़िताएं हैं। पिछले साल कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगाया गया था। अपराध की यह दर मध्य प्रदेश, गुजरात और पंजाब में कम है।

रमन का तंज- जंगलराज बना छत्तीसगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा - राहुल गांधी जी कांग्रेस की पूरी बारात आपको प्रदेश का विकास देखने का न्योता देने गई थी। देखिए! कैसे छत्तीसगढ़ को जंगलराज बना दिया है। हत्या, डकैती और बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अपराधियों को संरक्षण मिला हुआ है। यही विकास हुआ है बस।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि आज प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, बलात्कार जैसे कई संगीन अपराध जिस तेजी के साथ बढ़ा है,उसे आज देश और प्रदेश की जनता समझने लगी है। छत्तीसगढ़ शांति का टापू कहलाता था लेकिन अब अपराध गढ़ बन गया है। अब सरकार विकास दर की जो बात कर रही है,कहीं ये अपराध के विकास में तो नहीं। रमन सिंह ने भूपेश सरकार को सलाह देते हुए कहा कि अब भी वक्त है कि यदि बेहतर तरीके से प्रशासन को चलाया जा सके तो स्थिति में सुधार आ सकती है। लेकिन अपराध के आंकड़ों को देख कर ऐसा लगता नहीं है कि मुख्यमंत्री प्रदेश के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।

भाजपा शसित प्रदेशों में अपराध अधिक - मरकाम

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने एनसीआरबी की रिपोर्ट पर भाजपा पर ही पलटवार कर दिया है। मरकाम की माने तो रिपोर्ट के अनुसार देशभर में मध्य प्रदेश जो भाजपा शासित प्रदेश है, वह सबसे ज्यादा अपराध गढ़ बन चुका है,लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह इस मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं। मोहन मरकाम ने कहा कि बीते 15 सालों में भाजपा का शासन छत्तीसगढ़ में था,पर उनके कार्यकाल में जो कार्य किए गए हैं उस पर जनता सवाल कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल वोटों की धृवीकरण करने के लिए इस तरह के मुद्दे चुनाव में जाने से पहले जरूर उठाती है, ताकि लोगों को बरगलाया जा सके। भाजपा अभी से मुंगेरीलाल के हसीन सपने में खोई हुई है, लेकिन मिशन 2023 फिर से कांग्रेस के हाथ में ही होगा और भाजपा फिर खाली लौटेगी।

चरित्र पर संदेह, पुजारी...

पूजा तिवारी 15 वर्ष के साथ रहता है। आरोप है कि रामनारायण पांडेय और उसकी पत्नी का बुधवार सुबह से विवाद हो रहा था। इस दौरान अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर घर से चला गया। रात करीब 9 बजे लौटा तो फिर से पत्नी से मारपीट शुरू कर दी। उस पर धारदार हथियार से भी हमला किया। इतना पीटा कि वह अधमरी होकर बिस्तर पर गिर पड़ी। इसके बाद रामनारायण ने कमरे में ही बने किचन में रखे गैस चूल्हे को जलाया और पत्नी मंदाकिनी के ऊपर बार-बार रखने लगा जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/1292/लो.नि.शा./न.पा.प./2021-22 — कांकेर, दिनांक 16.09.2021

-: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद कांकेर की ओर से अधोलिखित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत फर्म/ठेकेदार से निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि	निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि
01	अध्यक्ष निधि अंतर्गत वर्ष 2021-22 में भवन/सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015 के तहत निर्माण कार्य सहित संधारण मरम्मत कार्य।	25.00 लाख	दिनांक 08.10.2021 सायं 5.00 बजे तक
02	पार्षद निधि अंतर्गत वर्ष 2021-22 में भवन/सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015 के तहत निर्माण कार्य सहित संधारण मरम्मत कार्य (20 कार्य)	60.00 लाख	दिनांक 08.10.2021 सायं 5.00 बजे तक
03	एल्डरमेन निधि अंतर्गत वर्ष 2021-22 में भवन/सड़क एस.ओ.आर 01.01.2015 के तहत निर्माण कार्य सहित संधारण मरम्मत कार्य।	12.00 लाख	दिनांक 08.10.2021 सायं 5.00 बजे तक

टीप – निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, कांकेर

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-5/2021/73/172 — भिलाई, दिनांक 15.09.2021

निविदा सूचना

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015, रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 विद्युत एस.ओ.आर. 01.07.2015/01.06.2020 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि 28.09.2021 को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 15.09.2021
2. निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 07.10.2021 सायं 5.30 बजे तक
3. आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 28.09.2021 सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 08.10.2021 प्रातः 11.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समया-वधि
1	वार्ड क्र. 66 सेक्टर 07 सड़क 29 उद्यान में प्रकाश व्यवस्था हेतु संधारण कार्य। (मूलभूत मद) (जोन-05)	1.21	2000.00	300.00	30 दिन
2	वार्ड क्र. 66 सेक्टर 07 सड़क 32 में प्रकाश व्यवस्था हेतु संधारण कार्य। (मूलभूत मद) (जोन-05)	1.22	2000.00	300.00	30 दिन

(1) उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चीप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

आदिवासी विभाग सहायक आयुक्त ने आश्रम अधीक्षकों की ली बैठक

गरियाबंद । कलेक्टर निलेश क्षीरसागर के निर्देश पर आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त बी.के. सुखदेवे द्वारा आश्रम अधीक्षकों की बैठक ली गई। बैठक में उपस्थित समस्त अधीक्षक/अधीक्षिकाओं को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया कि संस्थाओं के साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने तथा विद्युत, पेय-जल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिये गये है। बैठक में उपस्थित 10 अधीक्षक/अधीक्षिकाओं क्रमशः दयाराम मांझी गोहरापदर, लोमश कुमार घुव खडमा, तरूण कुमार नामदेव पाण्डुका, नरेश्वर यादव अकलवारा, चैनसिंह सोरी गरियाबंद, हुकुम वासनिक शोभा, कलेन्द्री मरकाम मैनपुर, गैंदी ठाकुर गरियाबंद, भाग सिंह ठाकुर एवं अभीजीत अवस्थी, देवमोग को कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराये जाने के संबंध में खेद व्यक्त किया गया।

सत्याग्रह से स्वच्छता रथ यात्रा को किया रवाना

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

गरियाबंद । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिपं गरियाबंद द्वारा सत्याग्रह से स्वच्छा ग्रह रथ यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, जिपं अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल द्वारा किया गया। यह रथ 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक जिले के सभी ब्लॉकों के ग्रामीण इलाकों में योजना का प्रचार-प्रसार करेगी। इस रथ के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में ''एक गड्ढा अनेक लाभ प्रदूषण कम जल स्तर में बढ़'' का नारा देते हुए लोगों को घरों से निकलने वाले अपशिष्ट पानी के निपटान व सोख्ता गड्ढा बनाने जागरूक किया जायेगा। ओडी एफ स्थायित्व एवं सुजलाम् अभियान के अंतर्गत गांव में जल प्रबंधन के 100 दिवस के अभियान के बारे में बताया जायेगा। ये रथ लगातार 17 दिनों तक समस्त विकासखण्डों में भ्रमण कर स्वच्छता का संदेश देगी।

कार्यालय
प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, गरियाबंद
आई.टी.आई. परिसर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

फोन नंबर - 07706.241303 — Email:-gpolyg@rediffmail.com

क्रमांक 308/शापाग/एसटीएससी स्टेशनरी/2021 — गरियाबंद, दिनांक 14.09.2021

भाव पत्र आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था में अध्यनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्र-छात्राओं हेतु वित्त वर्ष 2021-22 के लिए लगभग 65000/- (पैंसठ हजार रुपये) मात्र की ड्राइंग स्टेशनरी सामग्री, ड्राइंग बोर्ड 23''*32'', मीनी ड्राफ्टर, पेन्सिल, सेट स्कवेयर, फ्रेंच कर्व, कल्कुलेटर, कम्पास बाक्स, ड्राइंग बोर्ड क्लिप, ड्राइंग शीट, रबर, शार्पनर, प्रोजेक्ट पेपर आदि की आवश्यकता है।

संबंधित फर्म दिनांक 04.10.2021 तक भावपत्र कार्यालयीन समय 3.00 pm बजे तक प्रस्तुत करें।

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्था के WEBSITE www.polygariyaband.ac.in पर देखा जा सकता है।

शर्तें- (1) फर्म को शासन द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है। (2) फर्म का टिन नंबर होना आवश्यक है। (3) मोहरबंद लिफाफे ही स्वीकार किये जायेंगे। (4) फर्म का बैंक खाता होना आवश्यक है। (5) उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त प्रपत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेक्निक
गरियाबंद

जी-63696/2

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर 492001

जन-सुनवाई हेतु सूचना

मेसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लि. द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2020-21 हेतु विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 61, 62, 64, 86(1) (a), 86(1)(b), 86(1)(f) एवं 86(1)(k) के तहत ऊर्जा प्रभार दर के निर्धारण हेतु याचिका 60/2020 दायर की है।

याचिका आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त याचिका पर जन-सुनवाई विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 28/09/2021 को प्रातः 11.30 बजे की जाएगी। जन-सुनवाई में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति अपने मोबाईल नंबर/ई-मेल आईडी आयोग के ई-मेल आईडी cserc.lawsection@gmail.com पर उपलब्ध कराये। संवाद-29890/2

सचिव

मूर्ति विसर्जन स्थल बनाने के निर्देश

गणेश उत्सव व दुर्गोत्सव के लिए दिशा निर्देश जारी

गरियाबंद। मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिसके फलस्वरूप न केवल जलीय जीव-जंतुओं की जान को खतरा उत्पन्न होता है, अपितु जल प्रदूषण की स्थिति भी उत्पन्न होती है। आगामी गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव पर्व पर जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने हेतु मूर्ति विसर्जन केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी संशोधित गाइडलाइन के अनुसार किया जाना है। गाईड लाईन के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार है। नदी और तालाब में विसर्जन के लिए विसर्जन पौड/बन्ड/ अस्थाई पाँड का निर्माण किया जाकर मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुयें इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाये तथा इसका अपवहन उचित तरीके से किया जाना है। जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सकें। सभी प्रमुख शहरों में पृथक से आवश्यक सुविधा के साथ विसर्जन पाँड, पहुँच मार्ग सहित बनाने हेतु पूर्व से ही निर्देश दिये गये हैं, जिन्हे नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार पूर्ण किया जाना है। विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल कपड़े, प्लास्टिक पेपर, आदि को सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में किया जा सकता है। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना प्रतिबंधित है। शहर के सभी समितियों को आदेश का पालन करना होगा।

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

SHOW CAUSE TO ATTACHMENT OF IMMOVABLE PROPERTY UNDER PROVISIONS OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT 1961 READ WIT RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

RC/69/2018 — 06.09.2021

PUNJAB NATIONAL BANK
VERSUS
SHRI SIDDHI VINAYAK EDUCATIONAL AND CULTURAL SOCIETY

To
(CD1) Smt. Geeta Mishra, 159/B, Ruabandha, Sector, Bhilai.
(CD2) Shri Sachin Choudhary, H.No. 01, Plot No. 45/11, Chhatrapati Colony, Maitri Kunj, Risali, Bhilai.
(CD3) Smt. Gunjan, Choudhary, H.No. 01, Plot No. 45/11, Chhatrapati Colony, Maitri Kunj, Risali, Bhilai.

Whereas the Recovery Certificate issued in OA/314/2015 passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR an amount of Rs. 7901885.00 (Rupees Seventy Nine Lakhs One Thousand Eight Hundred Eighty Five Only) along with pendentelite and future interest @ % w.e.f. // till realization and costs of Rs. 0 (Zero Only) has become due against you (Jointly and severally), and whereas the said has not been paid.

2. You are directed to appear before the Recovery Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR on 02.11.2021 at 10.30 A.M. and to show cause why the below said property should not be attached. You are also restrained from creating any third-party interest in this property till further order(s).

Details of Property: "Diverted property bearing Khasra No. 45/11 Area measuring 2500 sq.ft. Situated at Mouja- Rishali, Maitri Kunj, Ward No. 63, Chhatrapati Shivaji Nagar, Ph. No. 19, R.I.C. Durg, Tehsil (C.G.) Together with Building constructed thereon"

3. Take Notice that in defauilt, action as per law shall be taken.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 06/09/2021

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR (M.P.)

pnb — Oriental — United — Together for the better

मण्डल शस्त्र: भिलाई, द्वितीय तल, जीत टावर, राजकुमार कॉलेज के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक, का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) सहपठित नियम 3 प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय पंजाब नैशनल बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	गारंटर/ऋणी का नाम/ शाखा का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति का स्वामी	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार	मांग पत्र तिथि को बकाया राशि
1.	श्रीमती सरनजीत कौर भाटिया पति- श्री बलविंदर सिंह भाटिया (ऋणी) एवं श्री बलविंदर सिंह भाटिया पिता- स्व. श्री तिलोक सिंह भाटिया (जमानतदार व बंधककर्ता) शाखा: राजनांदगांव (049200)	श्री बलविंदर सिंह भाटिया पिता- स्व. श्री तिलोक सिंह भाटिया के नाम पर खसरा नं. 302/6, 303/5, 304/17 एवं 305/6, मौजा- कौरीनभाठा, प.ह.नं. 41/24, आरआईसी- राजनांदगांव-01, वार्ड नं. 44, रामकृष्ण वार्ड, साई दर्शन कालोनी, राजनांदगांव, तहसील व जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़, माप- 1500 वर्गफिट या 139.405 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भवन व भूमि का बंधक। चौहद्दी: उत्तर की ओर- संगठन की सड़क, दक्षिण की ओर- भेष कुमार देवांगन का प्लॉट, पूर्व की ओर- संगठन की सड़क, पश्चिम की ओर- विद्या देवी की भूमि।	30.06.2021 / 10.09.2021 / सांकेतिक कब्जा	₹ 25,65,704.38 एवं अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चे एनपीए दिनांक से
2.	श्री जगत किशोर पिता- श्री प्रेमशंकर (ऋणी तथा बंधककर्ता) तथा श्री कमल किशोर पिता- श्री प्रेमशंकर (सह-ऋणी) तथा श्रीमती संगीता देवी पति- श्री जगत किशोर (गारंटर) शाखा: उमरपोटी (216410).	श्री जगत किशोर पिता- श्री प्रेम शंकर के नाम पर प्लॉट नं. 39 तथा 40, खसरा नं. 66/2 (भाग), प.ह.नं. 13/18, मौजा- जामुल, आर.आई.सी.- दुर्ग-01, वार्ड नं. 13, लव कुश नगर, बोगदा नाला ए.सी.सी. कालोनी रोड के समीप, तहसील व जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, माप- 1774 वर्गफिट (164.86 वर्गमीटर) का बंधक। वर्ग मीटर में स्थित जूनियर एमआईजी-629 का आवासीय भवन व भूमि का बंधक। चौहद्दी: उत्तर की ओर- प्लॉटनं. 38, दक्षिण की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- सड़क, पश्चिम की ओर- प्लॉट नं. 41 व सड़क।	24.06.2021 / 16.09.2021 / सांकेतिक कब्जा	₹ 9,94,322.46 एवं अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चे एनपीए दिनांक से
3.	मेसर्स शीतल ट्रेडर्स (द्वारा प्रोप्राइटर श्री संजय शर्मा) (ऋणी तथा बंधककर्ता) शाखा: सिविक सेंटर, भिलाई	श्री संजय शर्मा के नाम पर खसरा नं. 343/15, प्लॉट नं. 02, पंचशील नगर, चरोदा, भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़ में स्थित आवासीय भूमि, माप- 1200 वर्गफिट का बंधक। चौहद्दी: उत्तर की ओर- राजू भल्ला का प्लॉट, दक्षिण की ओर- गुरुजी की जमीन, पूर्व की ओर- 25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम की ओर- राजू भल्ला का प्लॉट।	20.05.2021 / 16.09.2021 / सांकेतिक कब्जा	₹ 5,33,099.24 एवं अतिरिक्त ब्याज व अन्य खर्चे एनपीए दिनांक से

दिनांक : 16.09.2021 स्थान : रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी / पंजाब नैशनल बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने 9 लाख 25 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि जारी की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राजनांदगांव तहसील को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आपदा प्रभावितों के लिए 8 लाख 25 हजार रूपए का सहायता अनुदान राशि उपलब्ध कराई है। राजनांदगांव तहसील के अंतर्गत बिच्छू काटने से एक व्यक्ति की मृत्यु एवं सर्पदंश से एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर 4-4 लाख रूपए तथा आग से 1 मकान कवेलू पूर्णतः क्षति होने पर 25 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि जारी किया गया है।

वंदना को राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत जमीन पर मिला मालिकाना हक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजीव गांधी आश्रय योजना राजीव नगर के वार्ड क्रमांक 42 निवासी श्रीमती वंदना मेश्राम के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत भूमिहीन निवासियों को कब्जे के आधार पर निर्धारित शासकीय दर पर स्थायी पट्टा प्रदान किया जा रहा है। श्रीमती वंदना मेश्राम को 662 वर्ग फीट भूमि पर स्थायी पट्टा प्रदान मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। उन्होंने बताया कि वे लगभग 19 वर्षों से यहां निवास कर रही थी और अब इस वर्ष जमीन का मालिकाना हक मिला। पहले मन में यह भय रहता था कि कभी भी इस जमीन से बेदखल हो सकते हैं। 19 वर्षों के जद्दोजहद के बाद अब यह भूमि मिली है। परिवार में सभी खुश हैं। हमने यहां अपना पक्के का मकान बना लिया है। श्रीमती वंदना मेश्राम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस सौगात के लिए तहेदिल से धन्यवाद दिया।

नगर निगम में मनी अभियंता दिवस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अभियंता दिवस के अवसर पर 15 सितम्बर 2021 को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता कक्ष में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त सहित निगम के इंजीनियरों ने भारत रत्न श्री मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किये और एक दूसरे को अभियंता दिवस की बधाई दिये। कार्यक्रम में अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इंजीनियर मतलब तकनीकि अधिकारी, जिसका मुख्य कार्य निर्माण करना है। किसी भी कार्य की प्रसांगिकता होनी चाहिये, मतबल यह है कि जो भी कार्य हम करे उसका लाभ लंबे समय तक मिले। वह कार्य दिखे उसका लाभ मिले जिसके आधार पर लोग उसको याद रखे। उन्होंने कहा कि श्री विश्वेस्वरैय्या एक ऐसे ही इंजिनियर थे जिन्होंने अंग्रेज शासन के समय ऐसे कार्य किये जिसे अंग्रेज भी मानते थे और इसी कारण उन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया गया था।

अश्लील चैट मामले में नया मोड़, आबकारी अधिकारी पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने का आरोप, एसपी से शिकायत

आबकारी अधिकारी पर लगाये गंभीर आरोप

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के आबकारी अधिकारी के नाम से अश्लील चैटिंग मामले में अब नया मोड़ आ गया है। सोशल मीडिया में मैसेज वायरल होने के बाद जिला आबकारी अधिकारी ने जहां देर रात थाने पहुंचकर मामले की जांच व कार्यवाही की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। वहीं इस मामले में अब एक युवती ने आबकारी अधिकारी के खिलाफ शरीरिक संबंध बनाने की मांग तथा मांग पूरी नहीं होने पर संविदा नौकरी से हटाने की शिकायत की है।

क्या लिखा है आवेदन में

पूरे मामले में युवती द्वारा किये गए शिकायत अनुसार वह जिला आबकारी कार्यालय जिला बालोद में मल्टी पर्पस के पद पर संविदा कर्मचारी के पद पर दिसंबर 2020 से पदस्थ थी। तथा समाजसेवी तरूणनाथ योगी से मेरा पारिवारिक संबंध है। तरुण के द्वारा मुझे बताया गया कि जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के द्वारा अपने विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में लड़कियों को रखना चाहता है, काम करोगी क्या इस पर मेरी माता-पिता ने सहमती दिये तब मैं अपने माँ एवं तरुण के साथ 24 दिसंबर 2020 को उनके आफिस में मुलाकात किये थे। उक्त अधि कारी द्वारा मेरा

औपचारिक परिचय लेने के बाद 26 दिसम्बर 2020 से आफिस ज्वाइन करने के लिए कहा था तथा 5000/- अक्षरी पांच हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने की बात कहा था परन्तु उसके दूसरे दिन ही मुझे अपनी केबिन में बुलाकर सहानुभूति दिखाते हुए कहने लगा कि तुम मेरी बात माना करो और अच्छे से काम करना बहुत आगे बढ़ोगी। आपका काम मुझे बहुत पसंद आ रहा है कहकर मेरा पेमेंट 5000 से 9000 करना बताया था।

उसके बाद से निरंतर किसी किसी बहाने से वह मुझे अपने केबिन में बुला लेते थे और मुझे बेड टच करने की कोशिश करता था तथा मैं तब अपने टेबल में काम में व्यस्थ रहती थी तो वह स्वयं मेरे टेबल में आकर बैठ जाता था और मुझे गौर से देखते हुए हमेशा पेमेंट आया कि नहीं खर्च के लिए पैसा है कि नहीं कहकर पुछते रहते थे। 26 फरवरी 2021 को वह मुझे अपनी केबिन में बुलाकर मेरे कमर में बुरी नियत से हाथ डालकर कहने लगा कि अच्छे से सेलिब्रेट करना अपने जन्म दिन को और किसी चीज की जरूरत हो तो मुझे बेझिझक कह देना। मेरे अधिकारी का उक्त आचरण मुझे बहुत बुरी लगी इस कारण से मैं तरूण योगी को मेरे साथ घटित घटना को बतायी थी। तब उनके द्वारा सांत्वना दिया गया था कि सर को समझा दूंगा तुम उनकी बेटी के समान हो कहकर 01 मार्च 2021 को उनके पैर छुवाये थे। उसके बाद दिनांक 05 मार्च 2021 को मुझे अपने केबिन में बुलाकर कहने लगा कि तुम शराब पीते हो क्या, मैंने नहीं कहा तब उसने मुझे अपने पास बुलाकर गंदा इशारा करते हुए कहने लगा कि एक पैक शराब पीने के बाद रिलेशन बनाने में मजा आता है।

अधूरे पड़े विकास कार्यों को लेकर भड़के सीईओ

देवभोग/नवप्रदेश। काफी लंबा समय के बाद जनपद सीईओ एमएल मंडावी और कार्यम अधिकारी शिवकुमार नारंग ने ग्राम पंचायत सचिव तकनीकी सहायक करारोपण अधिकारियों का बैठक लिया। इस बार करीब 4 घंटा अधिक समय सचिवों से शासन की लाभकारी योजना का क्रियान्वयन को लेकर बारीकी से जानकारी लिया गया। साथ ही योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन नहीं होने की स्थिति में कार्यवाही के संकेत भी दिए गए। कोविड-19 राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे की जानकारी के अलावा गोबर खरीदी पेंशन पीएम आवास विधायक एवं सांसद मद के कार्यों

सहित 17 एजेंडा पर बैठक लिया गया।

इस बीच अपूर्ण आंगनवाड़ी भवन सामुदायिक शौचालय हाट बाजार को लेकर जनपद सीईओ जमकर ग्राम पंचायत सचिव पर बरसे ।क्योंकि महीनों से इन कार्यो में प्रगति देखने को नहीं मिल रहा है। इससे नाराज सीईओ मंडावी ने तय समय सीमा के भीतर अपूर्ण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा सचिवों को पंचायत कार्यालय में नियमित रूप से बैठकर भूमिहीन ग्रामीणों के आवेदन लिए जाने के लिए भी आदेश किया है। ताकि इस लाभकारी योजना का लाभ लेने में ग्रामीणों को किसी तरह परेशानी नहीं उठानी पड़े ।जनपद सीईओ मंडावी ने सख्त हिदायत देते हुए नियमित पेंशन देने सहित तमाम योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को दिया जाए।

साथ ही गोबर खरीदी और गौठान निर्माण मैं जोर देने के लिए कहा। ताकि इस वर्ष की तुलना आगामी वर्ष में किसानों को अच्छी खासी लाभ मिल पाए सीईओ मंडावी ने कहा कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कि शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ गांव गांव के प्रत्येक ग्रामीणों को दिया जा सके और इसके लिए जमीनी स्तर पर सभी पंचायत कर्मियों को काम करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान तकनीकी सहायक कुरेंद्र बघेल उपासना ध्रुव देहुती एपीओ भूपेंद्र योगेश सेन के अलावा अन्य मौजूद रहे।

मेयर ने किया उद्यान निर्माण का भूमि पूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा सुदेश देशमुख द्वारा रविदास वार्ड नं. 20 स्थित पीटीएस आवासीय परिसर के सामने राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 19.58 लाख रूपये की लागत से उद्यान निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण मधुकर वंजारी, राजेश गुप्ता चम्पू व गणेश पवार,वार्ड की पार्षद श्रीमती शकीला बेगम, पार्षद प्रतिनिधि ईसाक खान व अवधेश प्रजापति, पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पीटीएस के आरआई व पुलिस जवानों द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा पी.टी.एस. आवासीय परिसर के सामने उद्यान निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोड़ कर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें बाउण्ड्रीवाल, पाथवे, लॉन, बैठक व्यवस्था व विद्युत कार्य किया जायेगा।

उद्यान के बन जाने के पीटीएस वासियों को मनोरंजन के लिये एक अच्छा स्थान मिल जायेगा।

दलेश्वर साहू ने स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए चार एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते स्वास्थ्य अधोसंरचना की जा रही मजबूत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण एवं डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने जिले में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए कलेक्टोरेट परिसर से चार एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखा कर विकासखंड डोंगरगांव और डोंगरगढ़ के स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा उपस्थित थे।

अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण एवं डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए शासन पूरी तरह सतर्क एवं सजग है। खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव क्षेत्र में त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एम्बुलेंस की व्यवस्था

की गई है। जिससे जनसामान्य को सुविधा मिलेगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंकाओं से निपटने स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है।

एम्बुलेंस द्वारा डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव के दूरस्थ अंचलों के गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि दो एम्बुलेंस डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करमतरा एवं बडगांव चारभांठा स्वास्थ्य केन्द्र में और दो एम्बुलेंस डोंगरगढ़ के ग्राम मुसरा एवं मोहनपुर चारभांठा स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधा प्रदान करेंगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

खिलाड़ियों को नौकरी देने की तैयारी, खेल जगत में हर्ष : मृणाल चौबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास में खिलाड़ियों से चर्चा की। उन्होंने खेल के क्षेत्र में प्रदेश को और आगे ले जाने को लेकर खिलाड़ियों से कई मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव जिले के खेल मॉडल की सराहना करते हुए कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा की प्रशंसा की। उन्होंने जिले के खेल मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू करने की बात कही। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन हॉल की सौगात दी और सभी खेल संघों से अच्छे कोच नियुक्त करने आग्रह किया।

हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि उन्होंने भी मुख्यमंत्री से प्रदेश के खेल मॉडल और इससे संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। मृणाल ने कहा कि बैठक के दौरान उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ऐसे उत्कृष्ट खिलाड़ी या राज्य सरकार के अवॉर्डी खिलाड़ी जिन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा, उनके लिए कोई मासिक पेंशन स्कीम भी बहुत जरुरत है। इस ओर प्रयास किया जाना आवश्यक है। मृणाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि

राज्य के आदिवासी अंचल के बच्चों में खेल विकास की अपार संभावना है। उन्हें यदि तराशा जाए तो वे भारतीय टीम में जगह बना सकते है।

मुख्यमंत्री ने उद्योगों को सीएसआर मद से खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। मृणाल ने सुझाव दिया कि उत्कृष्ट खिलाड़ी को चिन्हांकित कर उन्हें गोद लेकर उनके सारे खर्च का वहन करना चाहिए। इससे खिलाड़ी का पलायन भी रुकेगा। खिलाड़ी और कोच के प्रदर्शन का निरंतर समीक्षा भी होनी चाहिए। वहीं छतीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने दुर्ग में एस्ट्रोटर्फ के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और वन विभाग के समान अन्य विभागों में खिलाड़ियों को नियुक्ति का प्रावधान करने के लिए मुख्य सचिव को केबिनेट की बैठक के लिए प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देश दिए। मृणाल का कहना है कि इससे अब घोषित उत्कृष्ट खिलाड़ी के साथ अन्य खिलाड़ी जो मैडल जितने से चूक जाते है, उन्हें भी सरकारी नौकरी का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कलेक्टर राजनांदगांव एवं कलेक्टर रायगढ़ द्वारा जिला मुख्यालय में विकसित की जा रही खेल सुविधाओं की तर्ज पर सभी जिला मुख्यालयों में एनआईएस प्रशिक्षक रख कर खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने एवं खेलों को आगे बढ़ाने के निर्देश बैठक में दिए। हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि मुख्यमंत्री का अवासीय एवं गैर आवसीय खेल अकादमी खोलने का निर्णय, खेल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि खेलों के विकास के लिए धनराशि की कमी नहीं होगी।

आयुष्मान भारत पखवाड़ा एवं आयुष्मान भारत दिवस का हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने आयुष्मान भारत पखवाड़ा एवं आयुष्मान भारत दिवस के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार-प्रसार के लिए आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव से ई-रिक्शा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत 15 से 30 सितम्बर 2021 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा एवं 23 सितम्बर 2021 को आयुष्मान भारत दिवस मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार प्रसार के लिए ई-रिक्शा को रवाना किया गया।

धर्मान्तरण के खिलाफ भाजपा ने दिया धरना

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ रहे धर्मांतरण के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा की अगुवाई में धरना दिया गया। बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि जिस प्रदेश में इनकी सरकारी रही हैं वहां यह धर्मांतरण का खेल खुले रूप में करती हैं और अब ताजा उदाहरण छत्तीसगढ़ राज्य है प्रदेश के भोले-भाले आदिवासियों एवं सुदूर दूर में रहने वाले वनांचल वासियों का मिशनरियों के द्वारा प्रदेश सरकार के संरक्षण में खुलेआम हिंदू धर्म छोड़कर दूसरे धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन एवं चंगाई सभा के द्वारा जोड़ दिया जा रहा है कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र के अपेक्षा अपना वोट बैंक ज्यादा महत्व का दिखता है।

इतिहास गवाह है जहां जहां धर्मांतरण की घटनाएं होती हैं वहां राष्ट्र अंतर की भावना भी बलवती होती है और राष्ट्र आंसर की वजह से हमारा देश खंड खंड होते गया आज जिस अफगानिस्तान में तालिबान ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया है वह एक समय हमारे देश में ही था राष्ट्र अंतर के कारण ही पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, श्रीलंका, बर्मा हमारे देश से अलग होते गए और छत्तीसगढ़ में जिस तरह से भूपेश सरकार के संरक्षण में धर्मांतरण का खेल चल रहा है उससे तो वर्ग संघर्ष की नौबत कभी भी आ सकती है।

इसके लिए सुकमा के कलेक्टर ने भी अपने थानेदारों को आगाह किया था कि उनके क्षेत्र में धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ती जा रही है इसे रोकने का प्रयास करें और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस बाबा ने भी अपने क्षेत्र में बढ़ रही धर्मांतरण की घटनाओं एवं सरगुजा जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में रोहिंग्या मुसलमानों के प्रशासन द्वारा बस आए जाने की घटना पर प्रदेश सरकार को आगाह किया था परंतु लगता है प्रदेश की भूपेश सरकार पर इनके आलाकमान सोनिया गांधी का दबाव है इसीलिए प्रदेश के मुखिया मौन धारण किए हुए हैं और उसका यह परिणाम निकल रहा है कि धर्मांतरण में लिप्त पन्नालाल पादरी, खुलेआम धमकी दे रहा है कि अगर हमें धर्मांतरण से रोका गया तो हम संविधान को ही जला देंगे और उसके इस वक्तव्य की रिकॉर्डिंग भी प्रत्येक थाने में दी गई है पर प्रशासन प्रदेश सरकार के दवा में कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

जड़ी बूटी से बच्चा पैदा होने का सपना दिखाकर 72 हजार की ठगी

■ **डौंडी पुलिस व साइबर सेल ने रायपुर के दो शातिर को पकड़ा**

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में धोखाधड़ी के कई किस्से सामने आ चुके हैं उनमें एक नया मामला अब जड़ी बूटी के जरिये बच्चा पैदा करवाने के नाम पर ठगी का सामने आया है। रायपुर के दो शातिरों ने डौंडी इलाके के ग्रामीण को इसी तरह ख्वाब दिखाकर 72 हजार की ठगी की है। जिसमें साइबर सेल व डौंडी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ भी लिया है।पुलिस अधीक्षक बालोद सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद डी.आर. पोर्ते के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा मनोज तिर्की के पर्यवेक्षण एवं साइबर सेल प्रभारी बालोद निरीक्षक रोहित मालेकर व थाना प्रभारी डौण्डी अनिल ठाकुर के नेतृत्व में थाना डौण्डी के अपराध में जड़ीबूटी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के अज्ञात आरोपी को पकड़ने हेतु एक विशेष टीम तैयार किया गया था। उक्त प्रकरण में 02 आरोपी गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया।

क्या था मामला

पुलिस के अनुसार 2 अगस्त को प्रार्थी हिरम निषाद ग्राम पेन्ड्री थाना डौण्डी के घर दो अज्ञात आरोपी आये और आयुर्वेदिक दवाई खाने से बाल बच्चा आ जाता है, कहकर प्रार्थी को अपने झांसे में लेकर उसे जड़ीबूटी देकर उससे 40000 रूपये नगद एवं फोन पे के माध्यम से 32000, कुल 72000 रूपये की ठगी कर फरार हो गये थे । प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क्रमांक -154/2021, धारा- 420,34 भादवि पंजीबद्ध किया गया था। अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित कर रवाना किया गया था। टीम द्वारा आरोपियो के संबध मे जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें आरोपी अपने निवास स्थान से फरार थे । टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर आरोपियो के पुख्ता जानकारी प्राप्तकर टीम थाना पिथौरा जिला महासमुंद जाकर

प्रकरण के 2 आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे 16 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

केस सुलझाने में इनकी रही भूमिका

उक्त प्रकरण में आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में साइबर सेल प्रभारी बालोद निरीक्षक रोहित मालेकर व थाना प्रभारी डौण्डी अनिल ठाकुर, सउनि अरविंद साहू, प्रधान आरक्षक ज्ञानेष चंदेल, आरक्षक संदीप यादव ,आरक्षक आकाष दुबे ,आरक्षक दमन वर्मा, आरक्षक पूरन देंवागन, आरक्षक मिथलेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

ये हैं गिरफ्तार आरोपियों के नाम व पता

शशि मण्डावी पिता रंजित मण्डावी उम्र 38 वर्ष पता -ग्राम निलिजा पोस्ट- सारागांव थाना खरोरा जिला रायपुर (छ.ग), नारायण गोड़ पिता कब्बू सिंह गोड़ उम्र 40 वर्ष पता- ग्राम निलिजा पोस्ट- सारागांव थाना खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) हैं। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त कार सीजी 04एनई-1573, टाटा टैंगो एक्सटी , नगदी 10,000 रूपये जब्त किया गया।

इस तरह आये झांसे में पति, पत्नी

शिकायत करने वाली हिरम निषाद पति शशीकांत निषाद उम्र 29 साल निवासी पेन्ड्री थाना डौंडी जिला बालोद निवासी ने बताया कि मेरी शादी हुए 7 वर्ष हो चुके हैं। अब तक बाल बच्चा नही आया है। 2 अगस्त को मेरे घर दो लोग आये थे। जिन्होने आयुर्वेदिक दवाई खाने से बाल बच्चा आ जाता है, कहकर मुझे व मेरे पति को जानकारी दिया । उस समय मेरे रिस्तेदार गणेश निषाद, कुंवर सिह निषाद, महेश राम निषाद, गंगा बाई बघेल भी बैठे थे। जिनके सामने पांच दवाई का खर्च 80,000 रू0 लग जायेगा बताया था । जितना जल्दी आप लोग पैसा देंगे उतना जल्दी दवाई लाकर देंगे कहने पर मेरे पति शशीकांत निषाद ने अपने मोबाईल नंबर से उक्त व्यक्ति के मोबाईल नंबर में फोन पे के माध्यम से 32,000 रू0 में ट्रांसफर किया व नगद 40,000 रू0, कुल रकम 72,000 रू0 दिये है। पैसा ले जाते समय कुछ दवाई दिया था । जिसे खाने पर कसैला लग रहा था, जो मिलावटी था। जिसे कुछ पावडर डालकर फर्जी तरीके से बनाया होगा, जिसने 72,000 रू0 लेकर मेरे साथ धोखाधडी किया। मैंने उक्त दोनो व्यक्ति का नाम पता पुछा तो अपना नाम नारा उर्फनारायण मंडावी तथा दुसरे व्यक्ति अपना नाम शशी मंडावी दोनो रायुपर के होना बताया था।

गोबर से गौठानों में बरस रहा धन, गोधन न्याय योजना ने बदली 1516 महिलाओं की जिंदगी

- अब तक 2,61,961 क्विंटल गोबर बेच 11823 पशुपालकों ने लिया गोधन न्याय का सीधा लाभ

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर । कोरिया जिले में गोधन न्याय योजना का व्यापक लाभ हितग्राहियों तक पहुंचने लगा है। एक ओर जहां निर्धारित दर पर गोबर बेचकर 11 हजार 823 पशुपालक ग्रामीणों को उनके उत्पाद का लाभ मिलने लगा है वहीं 144 समूहों से जुड़ी 1 हजार 516 महिलाओं के लिए स्वावलंबन से स्वरोजगार का सपना पूरा हो रहा है। कहीं महिलाएं गोबर विक्रय कर अपने घरेलू उत्पाद खरीद रहीं हैं तो कहीं पर मोटरसायकल जैसे संसाधन लेने का कार्य हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण लाभ का दायरा ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओ के स्व सहायता समूहों को होने लगा है जिन्हे अपने परिश्रम के बदले हजारों रूपए का सीधा लाभ गौठानों के माध्यम से होने लगा है। जनपद पंचायत खड़गंवा के गांव सकरिया में रहने वाले दुग्ध उत्पादक किसान जयंतराम कहते हैं पहले जानवरों से निकलने वाले गोबर की कोई कीमत नहीं मिलती थी परंतु भूपेष सरकार की योजना से अब गोबर भी नगद फायदे की चीज बन गया है। दो माह में ही सकरिया के ग्राम गौठान मे रोजाना लगभग एक से डेढ़ क्विंटल गोबर बेचकर जयंत राम ने 30 हजार रूपए से ज्यादा खाते में प्राप्त कर लिए हैं। घर में होने वाले दूध का पैसा मिलाकर जयंत राम ने एक नई भैंस खरीद ली। इसी प्रकार पिपरिया की रहने वाली श्रीमती सीता देवी ने गौठान से जुड़कर गोधन न्याय योजना का लाभ लेते हुए अपने पति के लिए एक मोटरसायकल खरीद ली है। इस तरह से गोधन न्याय योजना के कई लाभार्थी हैं जो अब बेहतर जीवन यापन की ओर अग्रसर हुए हैं।

इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए गोधन न्याय योजना के नोडल कृषि विभाग प्रमुख पी एस दीवान ने बताया कि गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन जिले में कलेक्टर के निर्देश में किया जा रहा है। इसके लिए पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग के साथ कृषि, सहकारिता और नगरीय विकास विभाग मिलकर योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर रहे हैं। कोरिया जिले में अब तक 136 ग्राम गौठान व 8 शहरी गौठानों में गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन वहां बनाई गई गोठान समितियों की देखरेख में किया जा रहा है। अब तक कोरिया जिले में 11 हजार 28 ग्रामीण व 795 सहरी पशुपालकों से कुल 2 लाख 61 हजार 961 क्विंटल गोबर का क्रय किया जा चुका है। जिसके एवज में पशुपालकों को उनके खातों में 5 करोड़ 23 लाख रूपए से ज्यादा की राज्शि सीधे खातों में हस्तांतरित की गई है।

लोगों की सेहत का ख्याल रखने वाला जिला अस्पताल खुद बीमार!

- सोनोग्राफी मशीन कमरे में बंद धूल खा रही है, वहीं डॉयलिसिस की सुविधा भी बंद हुई, मरीज निजी अस्पताल जाने हुए मजबूर

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुठपुर । जिले का स्वास्थ्य विभाग लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार को लेकर स्वास्थ्य जरूरतों से संबंधित उपकरणों व जांच उपकरणों की खरीदी में अव्वल बने होने का दावा करता आ रहा है, वही लाखो रुपये खरीदी में खर्च भी हुए किन्तु इन सुविधाओं को सुरु करने खुद ही ईलाज की जरूरत है जबकि स्वास्थ्य विभाग की कई पिछली जारी सूचनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार को लेकर प्रचार प्रसार पर यदि नजर डाली जाय तो जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में विगत दो वर्षों में ही कई ऐसी जांच सुविधाओं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर खबरें मिल ही जाएंगी जिसमें यह बताया गया है कि किन किन सुविधाओं की जिला चिकित्सालय में जिले भर से अपना इलाज कराने या जांच कराने आने वाले मरीजों को सुविधा अब लगातार मिलने वाली है और उसके साथ यह दावा भी किया कि सुविधाओं के लिए अब मरीजों को कहीं भटकना भी नहीं पड़ेगा। लेकिन जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में जितनी भी स्वास्थ्य सुविधाएं जांच सुविधाएं कभी आरंभ की गई थीं आज उनकी धरातल पर क्या स्थिति है इस बात का अंदाजा केवल इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में बैकुंठपुर विकासखण्ड की ग्राम मुरमा निवासी एक महिला जिला अस्पताल में चक्कर काट काटकर जब थक गई और जब उसके बावजूद भी उसकी सोनोग्राफी नहीं हो सकी तो उसने शर्मा हॉस्पिटल जाकर पैसे देकर अपनी सोनोग्राफी कराई ।

सोनोग्राफी मशीन जिला चिकित्सालय में उपलब्ध होने के बावजूद मरीज को निजी चिकित्सालय जाना पड़ा वहीं बताया यह भी जाता है कि सोनोग्राफी की शशुल्क सुविधा खुद जिला स्वास्थ्य एवम चिकित्सा अधिकारी अपने घर पर उपलब्ध कराते हैं इसलिए भी जिला चिकित्सालय की सोनोग्राफी मशीन धूल खाने मजबूर है।

सुविधा होने के बावजूद असुविधा क्यों

स्वास्थ्य को लेकर सुविधा बढ़ाओ की मांग जनप्रतिनिधि सहित आम लोग करते हैं पर सुविधा बढ़ने के बावजूद उसका उपयोग ना हो तो उसका जिम्मेदार कौन हैं शायद इसका जवाब स्वास्थ विभाग के मुखिया के पास भी नही हैं जिस कारण उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने के बजाय केवल चुप्पी साधना ही उचित समझा ।जब कि ऐसा ही हाल जिला मुख्यालय के जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर का है जहां सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उपकरणों को मांगा जाता है पर जब उपकरण मिल जाते हैं तो भी सुविधाएं लोगों को नहीं मिलती।

कहीं कमीशन का खेल तो नहीं

बताया जाता है कि पूरे मामले में खेल केवल कमीशन से जुड़ा हुआ है, मशीन खरीदने का कमीशन मिल गया है अब मशीन बंद रखने का कमीशन मिल रहा है इसलिए सुविधा बंद है।जो कि जिले में चरचा का विषय बना हुआ है ।

जिला अस्पताल या परामर्श केंद्र

जिला अस्पताल इसलिए बनाया जाता है ताकि जिले के सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जिले में ही मिल सकें पर इतने बड़े अस्पताल में जब स्वास्थ्य सुविधाएं ना मिल पाए तो शासन प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी हैं । इलाज के लिए मरीज तो बहुत पहुंचते हैं पर इलाज के नाम पर सिर्फडॉक्टर परामर्श की पर्चियां ही भरते हैं दवाई बाहर से जांच बाहर से जब सबकुछ इतने बड़े अस्पताल बाहर से होता है तो फिर अस्पताल किस काम का, डॉक्टर क्या वहां पर बैठकर परामर्श लिखते हैं ।

35 परिवार के 135 लोगों को मंगल भवन में किया शिफ्ट

कलेक्टर और नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने सहयोग का दिया आश्वासन

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद । तीन दिन से जारी बारिश ने सोमवार रात अपना रूख तेज कर दिया जिसके चलते नगर के कई इलाको में पानी भर गया। अनुमान से अधिक हुई भारी बारिश के चलते नगर पालिका गरियाबंद का ड्रेनेज सिस्टम भी फेल हो गया। कई वार्डो में नाली भर जाने के बार कारण नाली का पानी सड़क में आ गया, कई घरो में अंदर तक पानी घुस गया। तेज बारिश के चलते नगर के पेट्रोल पम्प, गायत्री मंदिर, सिविल लाइन, शांति नगर, बजरंग चौक के सड़कों में 4 से 5 फीट तक पानी भर गया। छिंद तालाब के दूसरे हिस्से का जल स्तर बढ़ने के चलते वार्ड क्रमांक 11 अंतर्गत शांति नगर के 50 से अधिक घरो मे पानी भर गया। दर्जनो कच्चे मकान ढह गए। जिसके चलते 35 परिवार के 135 लोगो को मंगल भवन में शिफ्ट करना पड़ा। इसके अलावा नगर के डाक बंगला और बजरंग चौक में भी कई घरो में पानी घुस गया जिसके चलते लोगो को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा।

इधर अनवरत बारिश के चलते नगर की स्थिति बिगड़ी तो स्वयं कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा के साथ नगर के प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और वस्तु स्थिति का आंकलन कर राजस्व अमले को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, एसडीएम विश्वदीप यादव, नायब तहसीलदार वसीम सिध्ददी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, पार्षद रिखीराम यादव, इंजीनियर अश्वनी वर्मा सहित पूरी टीम उनके साथ मौजुद थी।

इधर बारिश के चलते हैं जिला मुख्यालय से बाहर फंसे नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने भी देर रात गरियाबंद पहुंचते ही सबसे पहले नगर के हालातों का जायजा लिया। पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, नायब तहसीलदार वसीम सिध्ददी, नपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, इंजीनियर अश्वनी वर्मा सहित अपनी टीम के साथ नगर के वार्ड क्रमांक दो, चार, ग्यारह, बारह और तेरह का भ्रमण कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

चेम्बर ने दी एएसपी को विदाई

- विदाई समारोह के दौरान भावुक हुए एएसपी राठौर
- समारोह में एसपी माथुर ने की राठौर की सराहना

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद । हाल में ही गरियाबंद से रायपुर एटीएस मुख्यालय स्थानांतरित जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर को चेम्बर ऑफकामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा के नेतृत्व में नगर के व्यापारियो ने उन्हें आत्मीय विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर न्यू सर्किट हाउस में आयोजित इस सादगीभरे विदाई समारोह में प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक श्रीमति पारूल माथुर, अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, अनुविभागीय अधिकारी विश्वदीप यादव, रक्षित निरीक्षक उमेश राय सहित नगर के व्यापारीगण मौजुद थे।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमति पारूल ने कहा कि गरियाबंद जिले में एएसपी सुखनंदन राठौर का कार्यकाल काफी उत्कृष्ठ रहा, यहां उन्होने अच्छा काम किया, लोगो को विश्वास जीता है। अधिकारी के रूप में वे काफी अनुभवी और समझदार है। हर परिस्थिति में उनका अनुमान हमेशा सही और सटीक रहा। उनसे हमें बेहतर फीडबेक मिला। उन्होने एएसपी राठौर की सराहना करते हुए कहा कि एक अधिकारी में जो खुबिया होनी चाहिए है वह उनमे मौजुद है। पुलिस विभाग की ओर से मै उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामना देती हूँ।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जे आर चौरसियो ने एएसपी राठौर के साथ बिताए पलो को याद किया। उन्होने कहा कि चुनाव के समय से वे साथ में काम कर रहे है, हर मोर्चे में उनका साथ मिला। एक बेहतर अनुभव उनके साथ रहा। एएसपी संतोष महतो ने कहा कि एएसपी सुखनंदन राठौर के साथ मेरे आपसी संबंध काफी मधुर रहे। उनके कुशल व्यवहार के चलते प्रशासनिक कार्यो में कभी कोई भेद नही रहा। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक उमेश राय ने भी उनके स्वस्थ जीवन और उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने चेम्बर और व्यापारी वर्ग की ओर शुभकामना देते हुए कहा कि एएसपी सुखनंदन राठौर का कार्यकाल काफी अच्छा रहा।

अपने मिलनसार व्यवहार और सादगीभरी मुस्कान के साथ उन्होने जिले में हर वर्ग के साथ बेहतर संबंध स्थापित किए और उनकी समस्याओ का निराकरण किया।

संजीवनी रक्त दाता संघ के जनहितैषी कार्यक्रमों से प्रभावित होकर हेमंत वर्मा ने सदस्यता ग्रहण की

खरोरा। सेवा भावना से ओत-प्रोत समाज सेवा में अग्रणी संजीवनी रक्त दाता संघ के जनहितैषी कार्यो से प्रभावित होकर सदस्य जोड़ो महा अभियान के तहत नगर के युवक ने सदस्यता ग्रहण की बता दें कि अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर संजीवनी रक्त दाता संघ क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने व उनमे समाज सेवा के भावना का संचार करने सदस्यता अभियान चला रही है जिनमें क्षेत्र के समाज सेवा के प्रति आस्थावान लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं इसी कड़ी में बीते दिन तिल्दा-नेवरा नगर के एक युवक ने सदस्यता ग्रहण कर शपथ ली ।

संजीवनी रक्त दाता संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि शहर से लेकर गांवों तक समाज सेवा रूपी प्रकाश को फ़ैलाने संजीवनी रक्त दाता संघ ने मुहिम छेड़ी है।